## खबर संक्षेप

### स्वामी विवेकानंद शाखा आज मनाएगा स्थापना दिवस

**शहडोल।** भारत विकास परिषद स्वामी विवेकानंद शाखा शहडोल द्वारा भारत विकास परिषद के स्थापना दिवस के अवसर पर आज स्थानीय विधि महाविद्यालय में कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के क्षेत्रीय शारीरिक प्रमुख गंगा राजू पांडेय होंगे। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए परिषद के सचिव विजय दुबे ने बताया कि भारत विकास परिषद की स्थापना 10 जुलाई 19 63 को नई दिल्ली में की गई थी। तभी परिषद समाज निर्माण कार्य में संलग्न है। परिषद के मुख्य कार्यक्रमों में सेवा व संस्कार आधारित कार्यक्रमो का आयोजन किया जाता है। जिससे देश में राष्ट्र प्रेम और चरित्र का निर्माण होता है ।

### हाईटेंशन लाइन से भौतरा में ग्रामीण की मौत

**उमरिया।** जिले के पाली थाना क्षेत्र अंतर्गत घुनघुटी चौकी के ग्राम भौतरा में मंगलवार शाम दर्दनाक हादसे में 52 वर्षीय बिसरू सिंह की 11 हजार केवी बिजली लाइन की चपेट में आने से मौके पर ही मौत हो गई। बताया गया कि वह मानसिक रूप से अस्वस्थ थे और अक्सर अकेले भटकते रहते थे। घटना के समय वह गांव से धुपखड़ा मार्ग की ओर जा रहे थे, जब सियाराम सिंह के खेत के पास हाईटेंशन खंभे पर चढ़ गए और करंट की चपेट में आ गए। इस असमय मौत से गांव में शोक की लहर है। घटना की जानकारी पर मौके पर पहुंची पाली पुलिस ने ज़रूरी कार्यवाही कर शव कब्जे में लिया है और पीएम आदि की कार्यवाही पूर्ण की है।

### विधानसभावार बी.एल.ओ. को दिया जाएगा प्रशिक्षण

**शहडोल।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिले के ब्यौहारी, जयसिंहनगर एवं जैतपुर विधानसभावार 10 जुलाई से 16 जुलाई 2025 तक बी. एल. ओ. एवं बी. एल. ओ. सुपरवाइजरो को प्रशिक्षण दिया जाएगा। निर्वाचन सुपरवाइजर शहडोल संजय खरे ने जानकारी दी है कि ब्यौहारी विधानसभा हेतु 10 जुलाई से 14 जुलाई तक, जैतपुर विधानसभा हेतु 14 से 16 जुलाई तक एवं जैतपुर विधानसभा हेतु 10 जुलाई से 12 जुलाई तक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि जिले में कुल 966 बी. एल. ओ. एवं 88 बी. एल. ओ. सुपरवाइजरो को जिला एवं विधानसभा स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स द्वारा प्रशिक्षण दिया जाएगा। उक्त प्रशिक्षण में मतदाता सूची पुनरीक्षण, बीएलओ एप एवं समय-समय पर आयोग द्वारा जारी निर्देशों के संबंध में प्रशिक्षणर्थियों को अवगत कराया जाएगा।

### कल जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति दिशा की बैठक

**शहडोल।** जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति दिशा की बैठक 11 जुलाई को अपरान्ह 02 बजे से शहडोल संसदीय क्षेत्र की सांसद श्रीमती हिमाद्री सिंह की अध्यक्षता में आयोजित की गई है। कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को जून 2025 तक की स्थिति में प्राप्त आबंटन, व्यय, शेष राशि तथा कार्यों के भौतिक लक्ष्य पूर्ति तथा पूर्ण एवं अपूर्ण कार्यों की जानकारी उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं।

### किसानों को निर्वाध रूप से उपलब्ध कराएं रासायनिक उर्वरकः कलेक्टर

**शहडोल।** कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने खरीफ सीजन में किसानों को उनकी आवश्यकता के अनुसार रासायनिक उर्वरक की उपलब्धता सुनिश्चित कराने के निर्देश कृषि, सहकारिता विभाग के अधिकारियों को दिए हैं। उन्होंने जिले में रासायनिक उर्वरक की उपलब्धता की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि जिले के समस्त कृषकों को उनकी आवश्यकता अनुसार रासायनिक उर्वरक उपलब्ध हो सके। आपने यूरिया, डीएपी एवं एनपीके सहित अन्य उर्वरकों की उपलब्धता की स्थिति की जानकारी प्राप्त की।

## नौकरशाहों की मार झेल रही मुड़ना, नहीं दिखा सामने का कैचमेंट एरिया

# मुड़ना सिर्फ बहाना, अतिक्रमण की आड़ में जुगाड़ था बनाना

चार से पांच दशक पहले मुडऩा सिर्फ बरसात में ही नहीं, पूरे साल कल-कल करके बहती थी, शहडोल शहर और आस-पास के गांवों के लिए जीवनदायनी कही जाने वाली सोन की सहायक नदी मुडऩा का अस्तित्व तो, इस अंतराल में मिटा ही, उसके सहायक दर्जनों नाले और छोटी नदियों पर भी बढ़ती आबादी और अतिक्रमण व नौकरशाही की जमकर मार पड़ी है।





**शहडोल।** बुधवार को नगर पालिका की टीम ने मुडऩा नदी से सटे एचएफएल लेबल में किये गये अवैध निर्माण के खिलाफ बड़ी कार्यवाही की, लाखों की लागत से बने भवन को दो-दो जेसीबी लगाकर तुड़वाया गया, जिम्मेदारों ने बताया कि मुडऩा बरसात के कारण उफान पर आती है, आस-पास के कैचमेंट एरिया में जल भराव के कारण जनहानि हो सकती है, जिस स्थान पर अतिक्रमण किया गया है, वह भू-खण्ड नजूल का बताया गया, हालाकि तोड़े गये भवन के सामने और कैचमेंट एरिया में और भी भवन है, जो नजूल की भूमि व पट्टे की भूमि पर बताये गये हैं, कैंचमेंट एरिया में तोड़े गये भवन और अन्य भवनों को निर्माण की अनुमति किसने दे दी। जब निर्माण हो रहा था, तब नपा के जिम्मेदार आंख मूंदकर कैसे बैठे थे।

### नोटिस और जुगाड़ का खेल

नगर पालिका से जुड़े सूत्र बताते हैं कि कैचमेंट एरिया मे जिस अवैध निर्माण को तोड़ा गया, उसे पालिका ने कई नोटिस दिये, बावजूद इसके निर्माण नहीं रूका और न ही अतिक्रमणकारी ने अपने से आगे आकर अतिक्रमण को हटाया, मजबूरी में अवैध निर्माण दो-दो जेसीबी लगाकर तोड़ दिया गया। बुधवार को जब यह कार्यवाही हो रही थी, तब अवैध निर्माण के वीडियो और फोटो सोशल मीडिया में सामने आये, इतने बड़े अवैध निर्माण को पूरा करने के लिए एक या दो नहीं बल्कि कई महीनों का समय लगा होगा, इस दौरान नगर पालिका के राजस्व अधिकारी, उनकी टीम या तो, पालिका से वेतन लेकर घर पर ही बैठी रही या फिर जुगाड़ बनाकर अतिक्रमण कराती रही और अपनी जेबें भरती रही, यह भी सवाल उठा कि लक्ष्मी कन्नौजिया के अलावा और कितने निर्माण किये गये। जब निर्माण हो रहे थे, तब नपा का अमला क्या कर रहा था, लक्ष्मी के अलावा किन-किन को नोटिस दिये गये हैं, उन पर कार्यवाहियों की तिथियां कब सार्वजनिक होंगी।

### मुडऩा को नपा से ही बड़ा खतरा

शहर के बीच से गुजरने वाली मुडऩा नदी लगातार सिकुड़ती जा रही है, पुरानी बस्ती से रेलवे लाईन पार करके जैसे ही मुडऩा एमपीईबी कार्यालय के पीछे पहुंचती है, नदी के एक तरफ अवैध मकानों की श्रृंखला बनी हुई है, यही स्थिति कोनी तिराहे से आगे जाने वाले मानपुर मार्ग तक मुडऩा के साथ है, इस पूरे क्षेत्र में मुडऩा के कैचमेंट एरिया में अतिक्रमण रोकने के लिए कभी कोई ठोस कदम नपा ने नहीं उठाये, बल्कि समय-समय पर अध्यक्ष से लेकर सीएमओ और राजस्व की टीमें, जो सेवाकाल में रही उन्होंने मुडऩा को बचाने के लिए कोई कदम नहीं उठाये। आरोप तो यह भी है कि कोनी मार्ग पर सीवर लाईन प्रोजेक्ट का निर्माण भी मुडऩा के कैचमेंट एरिया में ही किया गया है।

### यह कहता है अधिनियम

शहरी क्षेत्र में 5 हजार वर्गफीट से अधिक सभी निर्माणाधीन-निर्मित भवनों की भवन अनुज्ञा का शत-प्रतिशत अनिवार्यतः निरीक्षण कर यह सुनिश्चित करें कि यह निर्माण कार्य नगरीय निकायों द्वारा प्रदत्त भवन अनुज्ञा के अनुसार ही हुआ है। अगर निर्माण कार्य बिना अनुमति अथवा अनुमति के विरूद्ध किया गया है तो, मध्यप्रदेश नगर निगम अधिनियम 1956 मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम 1961 के प्रावधानों के तहत नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही की जाये। उन्होंने कहा कि जो प्रकरण कम्पाउंडिंग योग्य हैं, उनकी नियमानुसार कम्पाउंडिंग की जाये तथा जो प्रकरण कम्पाउंडिंग योग्य नहीं हैं, उन पर नियमानुसार अवैध निर्माण हटाने की कार्यवाही करें।

# खेलते-खेलते कुएं में गिरी 4 वर्षीय बच्ची, हुई मौत



**शहडोल।** जिले के जैतपुर के बिरौडी में एक दिल दहला देने वाली घटना में, 4 वर्षीय पारुल अगरिया की कुएं में डूबने से मौत हो गई। यह घटना उस समय घटी जब उसके माता-पिता खेत में काम कर रहे थे और बच्ची पास में ही खेल रही थी। खेलते हुए पारुल अचानक कुएं में गिर गई, जिससे उसकी जान चली गई। पुलिस के अनुसार यह घटना उस समय हुई, जब पारुल के माता-पिता खेत में रोपाई कर रहे थे। उनका ध्यान बच्ची पर था, लेकिन खेल के दौरान वह कुएं के नजदीक पहुंच गई और वहां गिर गई। कुएं से तेज आवाज सुनकर माता-पिता और आस-पास के अन्य लोग दौड़े, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। पुलिस ने बताया कि जब तक पारुल को कुएं से बाहर निकाला गया, तब तक उसकी स्थिति मौत हो गई थी। पुलिस ने मामले की गंभीरता को समझते हुए कहा, यह एक दुखद घटना है। मामले की जांच कर रहे हैं, पारुल की मां ने कहा, हमने कभी नहीं सोचा था कि खेल के दौरान हमारी बेटी हमें छोड़ देगी। इस घटना ने हमारी जिंदगी को हमेशा के लिए बदल दिया है। थाना प्रभारी जैतपुर जिया उल हक ने कहा मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। पीएम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है।

# शिक्षा के मंदिर में हादसा, खतरे में मासूमों की जिंदगी

### स्कूल का छज्जा गिरा, बाल-बाल बचे 50 से अधिक छात्र

शहडोल। जिले के जनपद पंचायत ब्यौहारी अंतर्गत ग्राम पंचायत बरहा टोला के ग्राम बिजहा स्थित प्राथमिक शाला में एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया।



दो दिन से रुक-रुक कर हो रही बारिश के चलते 30 साल पुराना जर्जर स्कूल भवन का छज्जा अचानक भरभरा कर गिर पड़ा, लेकिन गनीमत रही कि कोई जनहानि नहीं हुई। ग्राम पंचायत बरहा टोला के ग्राम विजहा में संचालित जर्जर प्राथमिक पाठशाला के विद्यालय का छज्जा गिर गया, हादसे के वक्त स्कूल में बच्चे मौजूद नहीं थे, नहीं तो एक बड़ा हादसा हो सकता था, हादसे के बाद सभी बच्चों को दूसरे कमरे में सुरक्षित स्थान पर शिफ्ट कर दिया, जिससे एक संभावित त्रासदी टल गई।

गांव के शिक्षकों और ग्रामीणों का कहना है कि यह भवन तीन दशक पुराना है और लंबे समय से जर्जर हालत में है। बारिश के दिनों में छत से पानी टपकता है, दीवारों में दरारें पड़ चुकी हैं और भवन की नींव भी कमजोर हो चुकी है। वही शिक्षिका रंजना सिंह ने बताया कि जर्जर भवन को लेकर विभाग को कई बार सूचना दी जा चुकी है, लेकिन आज तक कोई ठोस कार्यवाही नहीं हुई। स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने भी हादसे पर गहरी चिंता जताते हुए कहा है कि प्रशासन की लापरवाही यदि जारी रही, तो किसी दिन यह भवन कई मासूम बच्चों की जान ले सकता है। उन्होंने जिला प्रशासन से मांग की है कि शीघ्र ही नए भवन का निर्माण कराया जाए, जिससे बच्चों की पढ़ाई और जीवन सुरक्षित रह सके।

# नवजात शिशुओं को असुरक्षित जगह न फेंकेःमेघा

### जिला बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की त्रैमासिक बैठक सम्पन्न



**शहडोल।** जिला बाल कल्याण एवं संरक्षण की त्रैमासिक बैठक कलेक्टर कार्यालय के विराट सभागार में सदस्य महिला बाल संरक्षण आयोग श्रीमती मेघा पवार एवं कलेक्टर डॉ. केदार सिंह की उपस्थिति में आयोजित किया गया। बैठक में सदस्य महिला बाल संरक्षण आयोग ने मिशन वात्सल्य अंतर्गत बाल संरक्षण सेवाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि मिशन वात्सल्य योजना के तहत बच्चा दस्तक (गोद) पर लेने हेतु महिला एवं बाल विकास विभाग में पंजीकृत शासकीय, अशासकीय दस्तक ग्रहण एजेंसियो, संस्थाओ से बच्चा दस्तक लेने के लिए भारत सरकार के पोर्टल सीएआरए में पंजीकृत कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि दत्तक ग्रहण के अंतिम आदेश न्यायालय द्वारा जारी किए जाते हैं। किसी भी नर्सिंग होम, अस्पतालों, निजी संस्था, थाना, पुलिस स्टेशन या किसी भी व्यक्ति से बच्चा गोद लेने की अनुमति नहीं है, यह अपराध हैं।

उन्होंने बताया कि नवजात शिशु का त्याग करने वाले बच्चों को किसी भी असुरक्षित जगह पर न फेंके न ही छोड़े, ऐसा करने से उस शिशु, बालक के जीवन को खतरा हो सकता है, ऐसे स्थिति में शिशु को फेंकने की बजाय बिना पहचान बताए पालना में छोड़ जायें। पालना में छोड़े गये शिशु को गृह में रखकर उसका पालन पोषण योजना के अन्तर्गत किया जाता हैं। यह पालन शासकीय बालिका सम्प्रेक्षण गृह, वन स्टाफ सेन्टर, गढ़ी रोड, सोहागपुर तथा शिशु गृह बाई पास रोड के पास स्थापित हैं। ऐसे शिशु को यदि पालना में छोडऩे की स्थिति नहीं होने पर उसकी जानकारी चाइल्ड लाइन 1098 टोल फ्री नम्बर पर सूचना देकर शिशु को बचाया जा सकता हैं।

बैठक में पालन पोषण देखरेख योजना, स्पॉनसरशिप योजना सहित अन्य कार्यों की समीक्षा की तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक दीवान, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला बाल विकास विभाग अखिलेष मिश्रा, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजेश मिश्रा, सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग आनंद राय सिंहा, अध्यक्ष सीडब्ल्यूसी श्रीमती कल्याणी बाजपेई, सीडब्ल्यूसी सदस्य अभिषेक चौकसे, पूर्णिमा चौधरी सहित संबंधित विभाग के अधिकारी एवं जिला बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति के अन्य सदस्य उपस्थित थें।

# पांच जुआरी छादा जंगल में जुआ खेलते गिरफ्तार

### 14 बाइक सहित पांच लाख से अधिक का मशरूका बरामद



**शहडोल।** जिले के बुढार थाना क्षेत्र के छादा जंगल में जुआ खेल रहे जुआरियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर नगद रुपए एवं एक दर्जन से अधिक बाइक जप्त कर कार्यवाही की है। बीते कई दिनों से यहां जुआ फड़ संचालित हो रहा था, 05 जुआरियों के कब्जे से 3250 नगद रुपए बरामद हुए है, कुल मशरूका की कीमत पांच लाख से अधिक है। बुढार पुलिस ने बताया कि थाना क्षेत्र के छादा जंगल में स्थित तालाब के समीप आम के पेड़ के नीचे ताश के पत्तों में लोग हार-जीत का दाव लग रहे थे, कई दिनों से जुआरी इस क्षेत्र में फड़ संचालित किए हुए थे। स्थानीय लोगों ने मंगलवार पुलिस को सूचना दी थी, जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने चारो तरफ से घेराबंदी कर जुआरियों को पकड़ा है। थाना प्रभारी ने कहा कि कुछ जुआरी भागने में सफल रहे, लेकिन 05 को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गए जुआरियों में आशीष शर्मा पिता शिव प्रसाद शर्मा उम्र 27 वर्ष बरतरा ,मोहम्मद तनवीर पिता अय्यार वार्ड 21 शहडोल, राकेश पटेल पिता रघु पटेल कंचनपुर, सुदीप जायसवाल पिता विनोद जायसवाल जमुई, रोशन लोधी पिता विष्णु लोधी जमुई शामिल है। पकड़े गए जुआरियों के कब्जे से पुलिस ने 3250 रुपए नगद जप्त किए हैं एवं मौके से 14 मोटरसाइकिल भी पुलिस ने बरामद की है। जिसकी कुल कीमत 05 लाख 50 हजार है। पुलिस के अनुसार दो दर्जन से अधिक लोग एक साथ बैठकर जुआ खेल रहे थे। पुलिस को देखकर अन्य जुआरी भाग गए हैं। पुलिस ने पांचों जुआरियों को थाने लाया है,मोटरसाइकिल को पुलिस ने जप्त कर लिया है।आरोपियों के विरुद्ध कई धाराओं के तहत कार्यवाही की गई है,इस कार्यवाही में थाना प्रभारी के साथ सहायक उप निरीक्षक राजा भैया बागरी, प्रधान आरक्षक धर्मेंद्र एवं अन्य पुलिस कर्मियों की भूमिका रही।

### सहयोग की भावना जीवन में होती है सर्वोपरिः विभागाध्यक्ष

**शहडोल।** पं. शंभूनाथ विश्वविद्यालय के समाजशास्त्र विभाग द्वारा चतुर्थ सेमेस्टर के विद्यार्थियों के लिए विदाई समारोह का आयोजन विश्वविद्यालय परिसर में किया गया। इस अवसर पर विभागाध्यक्ष श्रीमती नीलिमा खरे ने विद्यार्थियों को प्रेरणादायक मार्गदर्शन प्रदान किया। उन्होंने कहा कि श्रीमती खरे ने कहा कि सहयोग की भावना जीवन में सर्वोपरि होती है। यदि हम एक-दूसरे का सहयोग करते हुए कार्य करें, तो किसी भी लक्ष्य को आसानी से प्राप्त किया जा सकता है। विद्यार्थी जीवन में अनुशासन अत्यंत आवश्यक है, क्योंकि यही सफलता की नींव रखता है। उन्होंने सभी विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं तथा विश्वास व्यक्त किया कि वे समाज में अपने कार्यों एवं आचरण से विश्वविद्यालय का नाम रोशन करेंगे। कार्यक्रम में प्राध्यापक डॉ. सिद्धार्थ मिश्र ने विद्यार्थियों को जीवन मूल्यों की ओर प्रेरित करते हुए कहा आज आप विश्वविद्यालय से विदा ले रहे हैं, किंतु जीवन की वास्तविक यात्रा अब प्रारंभ होती है। अपने कर्तव्यों का निर्वहन सदैव नम्रता, संवेदनशीलता एवं मानवता की भावना से करें, तभी आपका जीवन सार्थक हो सकेगा। प्राध्यापक डॉ. जितेंद्र सेन ने संबोधन में कहा कि शिक्षा केवल डिग्री प्राप्त करना नहीं है, बल्कि यह चरित्र निर्माण का माध्यम है। आप जहां भी जाएं, अपनी पहचान ईमानदारी और सेवा-भाव से बनाएं। इस अवसर पर प्राध्यापक डॉ. राकेश मिश्र, डॉ. सिद्धश्री सिंह एवं श्री श्रीकांत चौधरी ने भी अपने विचार व्यक्त किए तथा विद्यार्थियों को उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

विदाई समारोह के दौरान विद्यार्थियों मानस मिश्रा, प्रियंका कोरी, राहुल लहरे, चांदनी केवट, दिव्या सिंह, मानसी तिवारी, जिज्ञासा सिंह एवं कालेश्वरी सिंह सहित अन्य छात्रों ने अपने अनुभव साझा किए तथा विभागाध्यक्ष एवं समस्त प्राध्यापकों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की। कार्यक्रम में समाजशास्त्र विभाग के समस्त प्राध्यापकगण एवं विद्यार्थीगण उपस्थित रहे। समारोह का आयोजन भावनात्मक एवं प्रेरणास्पद वातावरण में संपन्न हुआ।

# आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में आयुष्मान आरोग्य शिविरों का होगा आयोजन

**शहडोल।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजेश मिश्रा ने जानकारी दी है कि जिले के सभी आयुष्मान आरोग्य शिविरों का आयोजन जन समुदाय को स्वास्थ्य सुविधाएं, उनके निवास के निकट उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 14 जुलाई 2025 को किया जा रहा है। यह शिविर प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र शहरी एवं ग्रामीण मुख्यमंत्री संजीवनी क्लीनिक उपस्वास्थ्य केन्द्रों में आयोजित होगा।मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजेश मिश्रा ने बताया कि आयोजित शिविरों में गर्भावस्था एवं प्रसव संबंधित देखभाल, नवजात एवं शिशु स्वास्थ्य संबंधित देखभाल, छूटे हुए बच्चों का टीकाकरण तथा रोगग्रस्त बच्चों की जाँच एवं उपचार किया जायेगा। गैर संचारी रोग उपचार, जिसने एन.सी.डी. की जाँच उपचार तथा फालोअप अपेक्षित है। जिला स्वास्थ्य अधिकारी क्रमांक-01 तथा डी.आई.ओं. द्वारा सतत पर्यवेक्षण किया जावेगा। इसी प्रकार



संचारी रोग जिसके अन्तर्गत जनसहयोग व भागीदारी से क्षय रोग उन्मूलन के लिए आवश्यक गतिविधियां जिसमे नए मरीज की खोज, जाँच एवं उपचार सुनिश्चित किया जायेगा। साथ ही नये निश्चय मित्र बनाकर टी.बी. मरीजों को फूड बास्केट उपलब्ध कराया जायेगा। जिला स्वास्थ्य अधिकारी-03, डी.टी.ओ. तथा एपिडेमोलाजिस्ट की मानिटरिंग व गुणवत्तापूर्वक कार्य तथा पोर्टल पर इन्ट्री सुनिश्चित करेंगें। वेलनेस एवं अन्य गतिविधियां जिसमे विश्व जनसंख्या दिवस 11 जुलाई 2025 पर परिवार नियोजन से संबंधित गतिविध्यिां आयोजित की जायेगी एवं 28 जुलाई 2025 को विश्व हेपेटाइटिस दिवस का आयोजन भी वेलनेस सेन्टर पर किया जायेगा।

## खबर संक्षेप

### 18 जुलाई को युवा संगम रोजगार मेला

**उमरिया।** जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि युवा संगम रोजगार मेले का आयोजन 18 जुलाई को रानी दुर्गावती सामुदायिक भवन में प्रातः 11 बजे से 4 बजे तक आयोजित किया गया है। मेले में निप्पोन मल्टीसर्विस हिरिंग, सागर मेन्युफेक्चेरिंग कंपनी, मोबाइल पे, भीलवाड़ा टेक्साटाईल कंपनी, वर्धमान यान मंडीदीप भोपाल, प्रगतिशील बायोटेक सतना, एस आई एस आई सुरक्षा गार्ड, एलआईसी उमरिया, रिलायंस निप्पोन तथा एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस कंपनी शामिल होगे। आवेदक अपने साथ पासपोर्ट साइज की फोटो साथ मे समस्त प्रमाण पत्रों की छायाप्रति लेकर रोजगार मेला मे उपस्थित हो। अधिक जानकारी के लिए 7869880800 पर संपर्क किया जा सकता है।

### पौधारोपण की देखभाल के लिए समिति गठित

**उमरिया।** नगरीय निकायों में अमृत प्रकोष्ठ एवं जिला स्तर पर पौधारोपण की देखभाल, प्रबंधन हेतु कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन की अध्यक्षता में समिति का गठन किया गया है । समिति में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अभय सिंह, वनमंडलाधिकारी विवेक सिंह, सहायक संचालक उद्यानिकी झनक सिंह मरावी, अध्यक्ष, उपाध्यक्ष नगर पालिका परिषद, नगर परिषद समस्त, नगरीय निकायों के मुख्य नगर पालिका अधिकारी सदस्य होगे। जिला हरित निगरानी समिति व्दारा नगरीय निकायों में रोपित किए जाने वाले पौधो के प्रकार, हरित क्षेत्र, वित्तीय प्रबंधन आदि में नगरीय निकायों को सहयोग करना एवं अधिकारियों की समिति पौधारोपण की देखभाल , प्रबंधन हेतु कार्यो का निष्पादन करने संबंधी निर्णय ले सकेगी।

### अतिवृष्टि के दौरान किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने हेतु कंट्रोल रूम स्थापित

**उमरिया।** बारिश या अतिवृष्टि के दौरान किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए नगर पालिका अध्यक्ष रश्मि सिंह के मार्गदर्शन मे शहर के लिए पृथक से कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। कंट्रोल रूम के प्रभारी उपयंत्री देवकुमार गुप्ता होगे जिनका मोबाइल 62600 59790 हैं। श्री गुप्ता को निर्देशित किया गया है कि वे हर समय अपना मोबाइल चालू रखें। साथ ही नागरिकों से भी अपील की गई है कि किसी भी तरह की घटना की जानकारी अथवा सहायता के लिए उप यंत्री देवकुमार गुप्ता , तथा सहयोगी अखिलेश सिंह 8770621779, श्री शंकर यादव 9340624955, बबलू हाथेगन 9098210338, से संपर्क करें जिससे निकाय के कर्मचारी तत्काल मौके पर पहुंच कर राहत और बचाव कार्य कर सकें।

## श्रम संहिता वापस लेने की मांग, 20 करोड़ मज़दूर, किसान शामिल

# ट्रेड यूनियनों ने निकाली रैली, रखी 17 सूत्रीय मांग





**शहडोल।** ट्रेड यूनियनों के संयुक्त मंच ने संयुक्त रैली के उपरांत सभा में श्रम संहिता वापसी सहित 17 सूत्रीय मांगों पर मजदूर किसानों की देशव्यापी हड़ताल के मुद्दों की जानकारी दी । इस हड़ताल में 20 करोड़ से अधिक मजदूर किसान हुए शामिल। संयुक्त मंच के विभिन्न श्रम संगठनों के नेता एवं साथी गण इसमें उपस्थित थे । सन-1886 में शिकागो शहर में 8 घण्टे काम की मांग को लेकर मजदूरों का आन्दोलन हुआ था, जिसमें मजदूरों पर पुलिस द्वारा दमन किया गया, परिणाम स्वरुप कई मजदूर शहीद हो गये। तभी से हम उन शहीदो की याद में 1 मई को मई दिवस याने अन्तराष्ट्रीय मजदूर दिवस मनाते आ रहे है। परिणाम स्वरुप काम के घण्टे आठ किये गये। इसी तरह हमारे पूर्वजों द्वारा संघर्ष, कुर्बानी के बाद अंग्रेजी राज से लेकर आज तक हम 44 श्रम कानून हासिल किये थे। आज की भाजपा की केंद्र सरकार इसे ही पलटने पर अमादा है.

भाजपा की केन्द्र सरकार ने कोरोना महामारी के दौरान जब देश की जनता जिन्दगी और मौत की लड़ाई लड़ रही थी, मजदूरों के 44 श्रम कानूनों में से 29 प्रभावशाली कानूनों को खत्म कर 04 नए लेबर कोड (श्रम संहिता) बनाए। इन चार नए श्रम संहिताओं के लागू होने पर मजदूरों ने अपने संघर्षों और बलिदानों से जो श्रम कानून हासिल किये थे, भाजपा सरकार ने उसे खत्म कर दिया। सरकार ने यूनियन बनाना, पंजीकरण करवाना लगभग असंभव कर दिया और अगर यूनियन बन भी गई तो, सरकार उसे कभी भी खत्म कर सकती है। धरना, प्रदर्शन और हड़ताल करने पर भारतीय न्याय संहिता की धारा 111 के तहत जेल और जुर्माने का प्रावधान किया गया है।

स्थाई रोजगार की जगह, बीजेपी सरकार निश्चित अवधि, प्रशिक्षु, आउटसोर्स, और हर काम का ठेकाकरण नया फरमान ले आई है। स्थाई नौकरी ना होने पर मजदूर अपने अधिकार के लिए लामबंद नहीं हो सकेंगे और ग्रेच्युटी व अन्य लाभों से वंचित हो जाएंगे। बिना नोटिस के मजदूरों को नौकरी से निकाला जा सकता है। कारखाने में 40 से कम मजदूर होने पर न्यूनतम वेतन, ई.पी.एफ, व अन्य श्रम कानून लागू नही होंगे। महिलाओं को कारखानों में रात की पाली में भी काम में लगने की अनुमति होगी, जो पहले नहीं था। कारखानों में मजदूरों के लिए काम के घंटे 8 से बढ़ाकर 12 घंटे कर दिए गए। भाजपा के मित्र उद्योगपति तो दिन में 15 घंटे काम की न केवल वकालत कर रहे हैं, बल्कि उसे औचित्यपूर्ण बताकर ऐसा प्रावधान की मांग उठा रहे हैं, याने मजदूर अपनी पूरी देह गलाकर केवल उनके लिए मुनाफे पैदा करे यह उनकी सोच है । भाजपा की केन्द्र सरकार द्वारा लगातार मनेरगा बजट में कटौती की जा रही है। जिसके कारण मजदूरों को 100 दिन का काम नहीं मिल रहा। मनरेगा में रोजगार ना मिलने से कल्याण बोर्ड में पंजीकृत मजदूरों का नवीनीकरण नहीं हो रहा और उन्हें शादी, मृत्यु पर आर्थिक लाभ आदि के लाभ से वंचित होना पड़ रहा है। भाजपा की सरकार आँगनबाड़ी, मिड डे मील, आशा वर्कर के बजट में लगातार कटौती कर रही है। इन कार्मिकों को समय पर मानदेय नहीं मिल रहा और सरकार निजीकरण करने की ओर बढ़ रही है। सुप्रीम कोर्ट का फैसला होने पर भी आँगनबाड़ी कार्यकत्री/सेविकाओं को सेवानिवृत्त होने पर ग्रेच्युटी नहीं दे रही है।

केन्द्र की भाजपा सरकार बिजली बोर्ड, बीमा, बैंक, बंदरगाहों, राष्ट्रीय राज्य मार्गों आयुध निर्माणियों, एफआरआई, रेलवे आदि का निजीकरण कर रही है और अपने चहेते उद्योगपतियों अडानी, अंबानी, टाटा, बिडला और कुछ अन्य उद्योगपतियों को देश की संपदा कौडियों के भाव बेच रही है। स्मार्ट मीटर लगाने का कार्य सरकार ने प्राइवेट कंपनी को दे रखा है। स्मार्ट मीटर के रुप में 10000 रुपए के करीब बिजली उपभोक्ता से वसूले जाएंगे।

### कर्मचारियों को बनाया मालिकों का गुलाम

केन्द्र सरकार ने नए मोटर व्हीकल एक्ट में प्रावधान किया है कि यदि ड्राइवर एक्सीडेंट करता है और मौके से भाग जाता है तो, उसे 10 वर्षों की जेल और 10 लाख रुपए जुर्माना भरना होगा। भाजपा की केन्द्र सरकार ने मजदूरों व अन्य तबकों के खिलाफ जो नए कानून बनाए हैं, इनके लागू होने पर देश का मजदूर, कर्मचारी पूरी तरह मालिकों का गुलाम बना दिया जाएगा । श्रमिकों की जायज मांग पर की जाने वाली हड़ताल को भी वह कभी भी गैरकानूनी घोषित करने का प्रावधान कर रही है । उसने भारतीय न्याय संहिता ( बी एन एस ) की धारा 111 जोडक़र ट्रेड यूनियनों के किसी भी संगठति विरोध को संगठित अपराध की श्रेणी शामिल कर दिया है। सरकार अंधाधुंध तरीके से एक ओर मजदूरों को गुलाम बनाए जाने का का रास्ता सुगम कर रही है और दूसरी ओर देश के सार्वजनिक सम्पत्ति विनिवेशीकरण, निजीकरण के जरिए बड़े निजी पूंजीपतियों के हाथों सौंप रही है और श्रमिक वर्ग जब इन नीतियों का विरोध कर रोजगार, शिक्षा, स्वास्थ, पेंशन के बुनियादी अधिकार न्यूनतम वेतन, समान काम समान वेतन की मांग पर आवाज उठाता है तो उन्हें कभी देशद्रोही करार देकर व नफरती साम्प्रदायिक विभाजन के नारों की आड़ में षड्यंत्र कर उसकी एकता को ही खंडित करने का कुचक्र चला देती है। इसलिए भारत सरकार द्वारा बनाए गए चार लेबर कोड को रद्द करने की मांग के साथ देश के हर हिस्से के कामकाजी मजदूर, कर्मचारी याने श्रमजीवी वर्ग ने इसका तीव्र विरोध करने के साथ-साथ विभाजनकारी राजनीति का विरोध करने के लिए कमर कसकर इन नीतियों को वापस लेने की मांग को लेकर 9 जुलाई को एक दिन की देशव्यापी हड़ताल का फैसला लिया है।

### यह रखी हैं मांगे

ट्रेड यूनियनों के संयुक्त मंच ने 17 मांगे रखी है, जिसमें श्रमिक विरोधी श्रम संहिता वापस लो , सभी श्रमिकों को 26000 न्यूनतम मजदूरी दो और हर पांच साल में न्यूनतम मूल्य सूचकांक के साथ संशोधन सुनिश्चित करो, सार्वजानिक क्षेत्र का निजीकरण, विनिवेशीकरण रद्द करो, ठेकाकरण, संविदाकरण, आउट्सोर्सिंग बंद करो, रिक्त पदों पर भर्ती प्रारम्भ करो, बेरोजगारों को बेरोजगारी का भत्ता दो, भारतीय श्रम सम्मलेन जल्द आयोजित करो, सभी के लिए पुरानी पेंशन योजना बहाल करो, ईपीएस के तहत 9000 रूपये न्यूनतम तथा जो किसी योजना में नहीं है, उन्हें 6000 रूपये मासिक पेंशन दो, रेल, सडक़ परिवहन, कोयला, इस्पात, बंदरगाह, रक्षा, बैंक, बीमा, बिजली, पेट्रोलियम, डाक दूरसंचार के निजीकरण पर रोक लगाओ, एन एम पी योजना वापस लो, बीमा क्षेत्र में 100 प्रतिशत एफ डी आई बढ़ाने और समग्र बीमा कानून में संशोधन का प्रस्ताव वापस लो ,एलआईसी प्रीमियम पर जीएसटी हटाओ, नई भर्ती प्रारम्भ करो, ठेका मजदूरों सहित सभी मजदूरों, कर्मचारियों को सामान काम के लिए समान वेतन दो, 8 घंटे के कार्यदिवस पर सख्ती से अमल करो, आंगनबाड़ी कार्यकत्ता, सहायिका, मितानिन, मध्यान्ह भोजन कर्मी, स्कूल सफाई कर्मी, गिग और अन्य प्लेटफार्म श्रमिक को भी श्रमिक का दर्जा दो और उन्हें सामाजिक सुरक्षा का लाभ दो, मनरेगा में 200 दिनों का काम और मजदूरी में वृद्धि सुनिश्चित करो, शिक्षा का व्यापारीकरण / निजीकरण रोको, शहरी गरीबों को भी मनरेगा का लाभ दो, किसानों को सी 2 फार्मूला के तहत लागत के 50 प्रतिशत जोडक़र न्यूनतम समर्थन मूल्य की गारंटी दो, कृषि उपज की खरीद की गारंटी दो, प्राकृतिक आपदा में उन्हें सहायता के लिए कोष का निर्माण करो, प्रवासी मजदूरों के लिए 1979 के कानून को पुनर्जीवित करो, योजना कर्मियों के लिए श्रम सम्मलेन की सिफारिश लागू कर न्यायालय के निर्देश अनुरूप उन्हें ग्रेच्यूटी भुगतान करो।

## आवासीय छात्रावास में किया गया परामर्श एवं जागरूकता सत्र का आयोजन



**उमरिया।** राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत उमंग स्वास्थ्य केंद्र में पदस्थ परामर्शदाताओं के आउटरीच गतिविधि के तहत छात्राओं को जागरूक किए जाने हेतु शासकीय जनजाति उत्कृष्ट सीनियर कन्या छात्रावास उमरिया में किशोरावस्था में बदलाव, पोषण आहार ,शारीरिक स्वच्छता ,बीएमआई मैनेजमेंट के सत्र का आयोजन किया गया ,जिसमें को 41 छात्राएं उपस्थित रही एवं 8 बालिकाओं को व्यक्तिगत परामर्श सुविधा किशोर स्वास्थ्य परामर्शदाता राकेश चौधरी एवं वर्षा त्रिपाठी द्वारा प्रदान की गई । विकासखंड मानपुर में किशोर स्वास्थ्य परामर्शदाता पूनम मिश्रा द्वारा कन्या शिक्षा परिसर मानपुर आवासीय छात्रावास में 185 छात्राओं को पोषण एवं बढ़ती उम्र में बदलाव पर सत्र लिया गया एवं 9 किशोरी बालिकाओं को व्यक्तिगत परामर्श सुविधा उपलब्ध कराई गई। विकासखंड पाली में परामर्शदाता पवन मेहरा के द्वारा सीनियर अनुसूचित जनजाति बालक छात्रावास में पोषण किशोरावस्था में बदलाव एवं शारीरिक स्वच्छता पर सत्र आयोजित कर 50 छात्रों को लाभ दिया गया जिसमें 12 छात्रों को व्यक्तिगत परामर्श सुविधा उपलब्ध कराई गई उसके साथ ही उपस्थित छात्र-छात्राओं को टोल फ्री नंबर की जानकारी उपलब्ध कराई गई ।चलान संबंधित शीर्ष में जमाकर आवेदन पत्र के साथ कार्यालय में जमा करना होगा। प्रशिक्षण में वहीं लिपिक वर्गीय कर्मचारी शामिल हो सकेगे जिनकी सेवा नियमित रूप से एक वर्ष या उससे अधिक हो । लेखा प्रशिक्षण शाला में प्रवेश एवं परीक्षा तथा अग्रिम वेतन वृध्दि के संबंध मे शासन व्दारा समय समय पर जारी नियम, निर्देश मान्य होगे।

## नवांकुर संस्था जया सेवा समिति की सेक्टर बैठक संपन्न हुई

**उमरिया।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के ग्राम पंचायत गुरूवाही में नवांकुर संस्था जया सेवा समिति की सेक्टर बैठक सम्पन्न हुई। जिला समन्वयक रविंद्र शुक्ला ने कहा कि मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद नवांकुर सखी योजना के माध्यम से संपूर्ण मध्य प्रदेश में बीज रोपित थैलियों का वितरण कर स्थापित नर्सरी में फलदार,औषधीय,फूलदार पौधे तैयार करने हेतु महिलाओं के माध्यम से कार्य करेगा जो पर्यावरण के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है'।



उन्होने मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के कार्यो विभिन्न विषयों पर नगर एवं ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों के चर्चा कर मध्य प्रदेश शासन और भारत सरकार की योजनाओं की जानकारी एवं लाभ ग्रामीण क्षेत्र के अंतिम छोर के प्रत्येक व्यक्ति तक पहुंचाने हेतु निर्देश दिए । बैठक में एक पेड़ माँ के नाम के तहत सभी लोगो को पेड़ लगाने की बात कही। उन्होंने कहा कि प्रत्येक सेक्टर अंर्तगत 100 नवांकुर सखी चयनित की जाएगी जिनको 5 पौधे दिए जाएंगे एवं पर्यावरण संरक्षण के तहत सभी एक एक पौधा लगाए । ग्राम पंचायत परिसर में जिला समन्वयक द्वारा पौधरोपण किया गया एंव सेक्टर अंर्तगत सभी प्रस्फुटन समिति के अध्यक्ष एंव सचिवो को दस्तावेज संधारण के एंव मासिक बैठक के बारे में जानकारी दी गयी । बैठक में नवांकुर संस्था अध्यक्ष देव प्रकाश गौतम , ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति ताला अध्यक्ष तुलसा सिंह , ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति बड़वाही ,अध्यक्ष राजेश सिंह सचिव , ओमप्रकाश सिंह ,अध्यक्ष पतौर सोमवती सिंह ,सचिव राजवती सिंह ,माला अध्यक्ष मुकेश यादव , परासी सचिव सुलोचना सिंह आदि समाजसेवी उपस्थित रहे।

## वसूली वारंटी गिरफ्तार




**हरिभूमि न्यूज रामनगर।** पुलिस अधीक्षक मोती उर रहमान के निर्देशन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं एसडीओपी कोतमा के कुशल मार्गदर्शन में पति द्वारा परित्यक्त महिलाओं के संरक्षण एवं न्याय दिलाने हेतु विशेष अभियान प्रारंभ किया गया है। 09.07.25 को अभियान के अंतर्गत थाना प्रभारी सुमित कौशिक, प्रआर सनत द्विवेदी, आर अनुराग भार्गव एवं आर मदगेन्द्र पटेल की टीम द्वारा प्रकरण क्रमांक MJC 217/24 धारा 125(3) CrPC में फरार चल रहे वसूली वारंटी मधुसूदन शर्मा पिता बृजकिशोर शर्मा उम्र 35 वर्ष निवासी कालीमंदिर, राजनगर को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया है। इस अभियान का उद्देश्य उन महिलाओं को चिन्हित कर उनकी समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर सुलझाना है, जिन्हें उनके पतियों द्वारा परित्यक्त कर दिया गया है और जो आर्थिक, सामाजिक व मानसिक रूप से पीड़ित हैं।

### अभियान के प्रमुख बिंदु

न्यायालय में लंबित धारा 125 CrPC (भरण-पोषण) से संबंधित प्रकरणों की समीक्षा, (नोटिस तामीली) न्यायालय द्वारा जारी वारंटियों की गिरफ्तारी हेतु विशेष अभियान। पीड़ित महिलाओं की शिकायतों की त्वरित सुनवाई एवं विधिक सहायता उपलब्ध कराना। (domestic incident report) महिला एवं बाल विकास विभाग, विधिक सेवा प्राधिकरण एवं अन्य संबंधित संस्थाओं के समन्वय से सहयोग। इस अभियान के अंतर्गत जनवरी माह से अब तक थाना रामनगर पुलिस द्वारा 19 वसूली वारंट तामील कर महिलाओं को न्याय (भरण पोषण राशि/भत्ता) दिलाया गया है।

### 40 दिन उपवास रखकर भगवान झूलेलाल की आराधना



**जैतहरी।** विगत वर्षों की भाँति इस वर्ष भी भगवान श्री झूलेलाल चालीसा महोत्सव 16 जुलाई से 24 अगस्त तक सिंधी समाज द्वारा बड़े ही भक्ति भाव के साथ मनाया जायेगा। सिन्धु नवयुवक मण्डल जैतहरी के सक्रिय सदस्य अमित कुमार आहूजा ने उक्त जानकारी देते हुये बताया कि इस 40 दिवसीय चालीसा महोत्सव का भव्य शुभारंभ दिनांक 16 जुलाई 2025 को सुबह 7.30 बजे पूज्य श्री बहराणे साहिब की पूजा व ईष्टदेव भगवान श्री झूलेलाल की अखण्ड ज्योति प्रज्जवलित करने के साथ साथ व्रतधारियों के संकल्प बंधन से 40 दिवसीय चालीसा महोत्सव के व्रतों की शुरूआत होगी। आहूजा ने बताया कि दसवीं शताब्दी में सिंध प्रान्त में मिर्ख बादशाह के अत्याचारों से निजात पाने के लिये सिन्धी हिन्दू लोगों ने 40 दिनों तक सिन्धु नदी के तट पर जल देवता की स्तुति की थी, तभी से भगवान श्री झूलेलाल का चालीसा महोत्सव मनाया जाता है। इस अवसर पर जैतहरी नगर में सिन्धी समुदाय के पूज्य सिंधी पंचायत के वरिष्ठ समाजसेवी तथा भारतीय सिन्धु सभा के महामंत्री राजाराम आहूजा के निवास पर 40 दिनों तक प्रतिदिन सुबह 7.30 बजे से 9.00 बजे तक एवं सायंकाल भी 7.30 बजे से 9.00 बजे तक भगवान श्री झूलेलाल की पूजा-अर्चना, आरती, पल्लव, प्रार्थना, अखो अरदास, गीत संगीत, भजन कीर्तन व इत्यादि अन्य आयोजन होंगे।


### मानदेय नहीं मिलने पर पेसा मोबिलाइजर रहेंगे 15 दिवसीय सामूहिक अवकाश पर

**कोतमा।** पंचायत पेसा मोबिलाइजर कर्मचारी संघ अनूपपुर ने मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत अनूपपुर को जनपद पंचायत अनूपपुर में कार्यरत पेसा मोबिलाइजरों का लंबित भुगतान एवं मानदेय आदेश न होने के कारण 15 दिवसीय सामूहिक अवकाश पर रहने के संबंध मे ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन मे लेख किया गया कि सभी पेसा मोबिलाइजर अति अल्प मानदेय अस्थाई कर्मी के रूप में पंचायत स्तर में कार्य करते निष्ठापूर्वक अपनी सेवाएं दे रहें हैं, अल्प मानदेय की पीड़ा को समझते हुए मुख्यमंत्री ने दीपावली के अवसर पर 24/10/2024 को पेसा मोबिलाइजर के 4000रु. से बढाकर 8000 रू. मासिक मानदेय को विधानसभा संकल्प पत्र को पूरा करते बढाये जाने की घोषणा की गयी थी, किंतु आज तक पंचायत विभाग से आदेश जारी नहीं की गयी तथा विगत 4 माह से मानदेय लंबित है।

## गुरुकृपा से वंचित मनुष्य का जीवन होता जा रहा अस्तित्व विहीन

### देश को सही दिशा में ले जाने के लिए अब गुरुओं को निभानी होगी अहम भूमिका

**हरिभूमि न्यूज अमरकंटक।** वर्तमान में समूचे भारतवर्ष में जातिगत वैमनस्यता बढ़ती जा रही है और चंद लोगों के द्वारा अपनी राजनीतिक स्वार्थपरता साधने के लिए समाज को कई वर्गों में बांटने का कार्य योजनाबद्ध तरीके से किया जा रहा है और लोग आपसी मतभेद के चक्रव्यूह में फंसते जा रहे हैं। इन सभी परिस्थितियों का उत्पन्न होना यह प्रदर्शित करता है कि हमारा समाज गुरु का मार्गदर्शन खोकर स्वयं ही गुरु के पद पर आसीन होने की होड़ में लगा हुआ है और अपनी झूठी शान स्थापित करने के स्वार्थी स्वभाव के कारण समाज सहित स्वयं के पतन की ओर अग्रसर होता जा रहा है। इस सामाजिक पतन को रोकने के लिए हम सभी को गुरुकृपा से अभिसिंचित होकर अपने ज्ञान चक्षुओं को खोलने के आवश्यकता है, जिससे कि इस देश में दीमक की तरह फैल रही मानसिक गुलामी से देश और देशवासियों को सुरक्षित बनाया जा सके। गुरु शिष्य परंपरा को इस समाज में जीवित रखना समाज की सुरक्षा के दृष्टिगत अत्यंत महत्वपूर्ण हो गया है और वर्तमान पीढ़ी को संस्कारवान बनाए जाने के लिए गुरु शिष्य परंपरा एक सामाजिक संजीवनी है। परम धर्म सांसद श्रीधर शर्मा ने सामाजिक परिवेश में उत्थान पर गुरु महिमा के प्रभाव पर प्रकाश डालते हुए बताया कि समाज में वर्तमान में विभिन्न प्रकार की कुरीतियों के समावेश के उपरांत आज हमारी सनातन संस्कृति अपना अस्तित्व खोजती प्रतीत हो रही है और सनातन धर्म और संस्कृति की दुहाई देने वाले समाज के ठेकेदारों अर्थात हमारे सान्निध्य में पलकर बड़ी हुई हमारी वर्तमान पीढ़ी पाश्चात्य संस्कृति की ओर अग्रसर होते हुए पूर्णतया पाश्चात्य संस्कृति में लीन होती जा रही है और हम आधुनिकता के झूठे आडंबर के प्रदर्शन में इस प्रकार से संलिप्त हैं कि अपने देश की परंपरा को विलुप्त होते देखने वाले अन्तिम पीढ़ी होने के अपयश का ठीकरा आने वाली पीढ़ियां हमारे सिर पर फोड़ेंगी। आज वर्तमान में इस सामाजिक दुर्दशा का सबसे बड़ा कारण है कि हमने अपने नौनिहालों को गुरु शिष्य परंपरा की शिक्षा नहीं दी, गुरु के माहात्म्य को नहीं समझाया और गुरु की महिमा को वर्णित नहीं किया। गुरु इस संसार के सृजनकर्ता हैं और इस संसार को गति प्रदान करने में गुरु की विशेष कृपा है, वर्तमान पीढ़ी को संस्कारित कर गुरु की महिमा का प्रभाव उन्हें बताने की आवश्यकता है, तभी इस संसार को संस्कारयुक्त कल प्रदान किया जा सकता है, अन्यथा इस संसार का सामाजिक पतन होना लाज़िमी है। गुरु ही वह धुरी है, जिसके चारों ओर इस संसार की गति निर्धारित होती है।वर्तमान पीढ़ी में गुरु शिष्य परंपरा को जीवंत बनाए रखना हम सभी की सामाजिक और नैतिक जिम्मेदारी है कि विद्यालयों और महाविद्यालयों में अध्ययनरत नई पीढ़ी को गुरु के महत्त्व के विषय में बताएं। समाज के उत्थान के लिए गुरुभक्ति और गुरु की आराधना अत्यंत आवश्यक है और भगवद भक्ति के समान है। किसी भी व्यक्ति विशेष के जीवन में सफलता पर गुरु का विशेष स्थान होता है और गुरु समूचे समाज का पालनहार होता है। वर्तमान शिक्षण संस्थानों में भी पश्चिमी सभ्यता का समावेश हो जाने से वर्तमान में गुरु शिष्य परंपरा विलुप्तता की ओर है और यही सामाजिक पतन का सबसे बड़ा कारण है। गुरुपूर्णिमा उन सभी आध्यात्मिक और अकादमिक गुरुजनों को समर्पित दिवस है, जो कर्मयोगियों के व्यक्तित्व के विकास हेतु एवं प्रबुद्धता प्राप्त करने के लिए गुरु के समक्ष अपना भाव व्यक्त करने का सुअवसर प्रदान करता है। यह पर्व हिन्दू, बौद्ध और जैन धर्मों के अनुयायियों के द्वारा अपने आध्यात्मिक शिक्षकों, अधिनायकों के सम्मान और उन्हें अपनी कृतज्ञता प्रदर्शित करने हेतु मनाया जाता है। यह पर्व हिन्दू पंचांग के हिन्दू माह आषाढ़ की पूर्णिमा को मनाया जाता है। इस उत्सव को महात्मा गांधी ने अपने आध्यात्मिक गुरु श्रीमद राजचन्द्र को सम्मान देने के लिए पुनर्जीवित किया। ऐसा भी माना जाता है कि व्यास पूर्णिमा वेदव्यास के जन्मदिन के रूप में मनाया जाता है। इस पावन अवसर पर लोग आध्यात्मिक रूप से अपने मन में गुरू को स्थापित कर उनकी आराधना करते हैं और गुरु चरणों का आशीर्वाद लेकर इस पावन पर्व को धूमधाम से मनाते हैं।



### प्रबुद्ध वर्गों को एक बार फिर संभालनी होगी कमान

श्रीधर शर्मा परम धर्म सांसद श्रीधर शर्मा ने बताया कि वर्तमान में इटावा में बीते दिनों हुई घटना के बाद समाज में कई तरह की बातें लोगों के द्वारा सोशल मीडिया पर वायरल की जा रही हैं जो कि वर्तमान पीढ़ी के साथ साथ आने वाली पीढ़ी के लिए एक धीमे जहर की तरह फैल रहा है। अपनी राजनीतिक रोटी सेंकने के फिराक में कई लोगों ने योजनाबद्ध तरीके से फूट डालो शासन करो' की नीति अपनाते हुए आपसी मतभेद की स्थितियां उत्पन्न की और लोगों को उकसाने का कार्य बखूबी किया। इसका परिणाम आगामी भविष्य में देश की एकता और अखंडता के लिए नुकसानदायक साबित होगा। नवीन के पीढ़ी के शिक्षित युवाओं को इस पर विचार करने की आवश्यकता है कि युवाओं के रोजगार और आगामी पीढ़ी के सुरक्षित भविष्य के विषय में किसी भी राजनेता को कभी भी जिरह करते आपने नहीं सुना होगा और न ही किसी डिबेट में इस तरह की चर्चाएं की जाती हैं। केवल धर्म और जाति के नाम पर बड़े पैमाने पर खेल खेलने की कोशिश की जा रही है और समूचा भारतवर्ष धीरे धीरे इस सियासी खेल में उलझता जा रहा है, जिसके परिणाम बहुत ही भयावह होंगे। वर्तमान पीढ़ी को इस आपसी वैमनस्यता को दरकिनार कर एक सुसज्जित और अखंड भारत के निर्माण की नींव रखी जानी चाहिए, जिससे कि भारतवर्ष को वास्तविक रूप से स्वतन्त्र भारत के रूप में स्थापित किया जा सके।

## खबर संक्षेप



### चालीहा महोत्सव के तहत धार्मिक कार्यक्रम प्रारंभ

**कटनी।** भगवान श्री झूलेलाल चालीहां महोत्सव प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी सिंधी समाज द्वारा अपार उत्साह एवं हर्ष के साथ मनाया जा रहा है। इस अवसर पर मंगलवार 8 जुलाई से झूलेलाल चालीहां महोत्सव समिति द्वारा गुरूनानक वार्ड स्थित झूलेलाल मंदिर में विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों का सिलसिला शुरू हो गया । सुबह 11 बजे झूलेलाल मंदिर में गणमान्य नागरिकों तथा श्रद्धालुओं की उपस्थिति में पं. दिनेश शर्मा द्वारा पूज्य बहराणे साहिब की पूजा अर्चना, पल्लव आरती व भजन कीर्तन के साथ भगवान श्री झूलेलाल जी की अखंड ज्योति प्रज्वलित करने के साथ ही व्रतधारियों का संकल्प बंधन से व्रतों की शुरूआत के साथ चालीहां महोत्सव का विधि विधान के साथ शुभारंभ किया गया व इस अवसर पर महेश म्यूज़िकल पार्टी द्वारा गीत,संगीत का आयोजन किया गया इस भव्य 40 दिवसीय चालीहां महोत्सव में प्रतिदिन धार्मिक अनुष्ठान कार्यक्रम व सुबह शाम भजन कीर्तन, आरती, पल्लव आदि कार्यक्रम संपन्न होंगे।

### सर्पदंश से मौत के मामलों की जांच करने समिति गठित

**कटनी।** वर्षा ऋतु की शुरुआत के साथ जिले में सर्पदंश की घटनाओं में वृद्धि को देखते हुए कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी दिलीप कुमार यादव के निर्देश पर सर्पदंश से होने वाली मृत्यु की घटनाओं की जांच हेतु पांच सदस्यीय समिति गठित की गई है। कलेक्टर श्री यादव के निर्देश पर सर्पदंश से होने वाली मौतों की जांच के लिए गठित पांच सदस्यीय समिति की अध्यक्ष संयुक्त कलेक्टर श्रीमती संस्कृति मुदित लटौरिया को बनाया गया है। अन्य सदस्यों में डिप्टी कलेक्टर ज्योति लिल्यहारे, डीएसपी (मुख्यालय) उमराव सिंह, वन विभाग के एस.डी.ओ. श्री सुरेश बोरले तथा जिला अस्पताल कटनी के एम.डी. डॉ. पारितोष सोनी शामिल हैं। समिति को निर्देशित किया गया है कि वह सर्पदंश की घटनाओं से होने वाली मृत्यु के मामलों की जांच कर तीन दिवस में विस्तृत प्रतिवेदन प्रस्तुत करे। इसके अलावा भू-अभिलेख विभाग को निर्देशित किया गया है कि वे प्रतिदिन सर्पदंश की घटनाओं की जानकारी निर्धारित चेकलिस्ट के अनुसार इस जांच समिति को उपलब्ध कराएं।

### सार्वजनिक स्थलों में चला विशेष सफाई अभियान



**कटनी।** नगर की सुचारू सफाई व्यवस्था के मद्देनजर मंगलवार प्रातः बस स्टैंड परिसर सहित यात्री प्रतीक्षालय में विशेष सफाई अभियान चलाया गया। नागरिकों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए नगर के अन्य विभिन्न सार्वजनिक स्थलों झंडा बाजार, गोल बाजार, सुभाष चौक, कपड़ा बाजार, मुक्तिधाम परिसर, रैन बसेरा, गाटरघाट कर्बला स्थल सहित नगरीय एवं उपनगरीय क्षेत्रों के मुख्य एवं अन्य मार्गो सहित डिवाइडर की सफाई कराई जाकर कचरे का उठाव कार्य किया गया। वर्षाकाल के मद्देनजर सुगम पानी निकासी की व्यवस्था हेतु बाबा नारायण शाह वार्ड में खेमचंद जी के मकान के सामने झाड़ियों की कटाई सहित वार्ड क्रमांक 3 स्थित पन्नी कालोनी गल्ला मंडी रोड के पीछे, वार्ड क्रमांक 6 स्थित कैलवारा में नोबल स्कूल के पास कच्ची नाली खोदकर पानी की निकासी, वार्ड क्रमांक 23 में पुराना पशु चिकित्सालय के पास एवं गर्ग चौराहा में निगम जी के मकान के पास, वार्ड क्रमांक 29 स्थित डॉ मनीष लालवानी के घर के पीछे सहित नगरीय एवं उपनगरीय क्षेत्र के विभिन्न स्थलों के नाले एवं नालियों की सफाई का कार्य कराया जाकर सुगम पानी निकासी के प्रयास किये गए।

# मारुति नंदन कटकोना बाइपास के समीप जलभराव, घरों में घुस रहा पानी, पुलिया के बहाव को भूमि स्वामी ने किया बंद

### पम्प संचालक ने तहसीलदार को सौंपा शिकायत पत्र

बुढार।





नेशनल हाईवे 78 ग्राम पंचायत कटकोना बाइपास रोड पर वारिस का पानी सार्वजनिक स्थानों पर एकत्रित होने से सड़कों पर जल भराव हो गया जिससे घरों में पानी भर रहा है पिछले वर्ष भी इसी तरह जल भराव होने से कई घरों की दीवारों क्षतिग्रस्त हो गई थी सड़क के बीच पुलिया को बंद कर देने से समस्या उत्पन्न हुई पुलिया के नाले के मुहाडे खोलने को मारुति नंदन फीलिंग स्टेशन के संचालक एवं नगर पालिका धनपुरी उपाध्यक्ष हनुमान खंडेलवाल ने लिखित शिकायत पत्र तहसीलदार श्रीमती भावना डेहरिया एवं कलेक्टर को सौंप कर जल भराव को खोलने की शिकायत दर्ज की है। ग्राम पंचायत कटकोना के वार्ड क्रमांक 12 पर स्थित पेट्रोल पंप अन्य रिहायशी मकान बनें हुए हैं और शहडोल का प्रमुख मार्ग है जिसमें अपने स्वार्थ के लिए नर्मदा प्रसाद पटेल एवं हीरा लाल सोनी ने अपने मकान के सामने राष्ट्रीय मार्ग के जल निकासी पुलिया को बंद कर दिया है जिससे बरसात का पानी निकासी न होने के कारण एकत्रित पानी घरों में घुस रहा है जिससे भारी क्षाति होने की सम्भावना बनी हुई है।

पानी निकासी न होने के कारण वायपास क्षेत्र में जल भराव हो रहा है जिसके कारण वहां पर बने घरों एवं पेट्रोल पंप में पानी का रिसाव होने से भारी नुक्सान होने की सम्भावना है, जिससे जन जीवन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। ग्राम पंचायत द्वारा कई बार नोटिस भूमि स्वामी को दिया लेकिन कोई ध्यान नहीं दिया गया और समस्या ज्यों की त्यों निर्मित है।

## पुल बहा, टूटा संपर्क, वैकल्पिक रास्ता भी क्षतिग्रस्त स्कूली बच्चों और ग्रामीणों की जान पर बन आई



**शहडोल।** जिले में बीते दो दिनों से हो रही रुक-रुक कर तेज बारिश ने एक बार फिर क्षेत्रीय संपर्क व्यवस्था की पोल खोल दी है। धनपुरी नगरपालिका क्षेत्र अंतर्गत बगैया से बंगवार पहुंच मार्ग पर बना पुल बारिश की चपेट में आकर बह गया है, वहीं वैकल्पिक मार्ग भी अब सुरक्षित नहीं रह गया है । बारिश के चलते वैकल्पिक पुल पर बड़ी दरारें आ गई हैं, जिससे क्षेत्र के ग्रामीणों, स्कूली बच्चों और आम राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जान जोखिम में डालकर लोग इसी रास्ते से आवाजाही कर रहे हैं।

- मुख्य मार्ग के बाधित होने से आस-पास के दर्जनों गांवों का संपर्क टूट गया है। सबसे अधिक परेशानी स्कूली बच्चों को हो रही है, जिन्हें हर दिन उसी क्षतिग्रस्त पुल से होकर स्कूल जाना पड़ रहा है। बच्चे पानी और कीचड़ से भरी दरारों के बीच फिसलन भरे रास्ते पर चलने को मजबूर हैं। कई स्थानों पर तो लोग बाइक और पैदल पुलिया पार करते हुए जान जोखिम में डाल रहे हैं।

**प्रतिबंधित क्षेत्र में भी जारी है आवागमन-** प्रशासन ने पुल की हालत को देखते हुए इस मार्ग को प्रतिबंधित क्षेत्र घोषित किया है, बावजूद इसके वहां लोगों की आवाजाही बदस्तूर जारी है। स्थानीय लोगों का कहना है कि वैकल्पिक मार्ग भी क्षतिग्रस्त हो गया है, लेकिन कोई अन्य रास्ता न होने के कारण उन्हें इसी से गुजरना पड़ रहा है। घटना की जानकारी मिलने पर कलेक्टर, एसईसीएल के अधिकारी एवं अन्य प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मार्ग को तत्काल बंद कराने के निर्देश दिए। प्रशासन ने बताया कि जल्द ही स्थायी समाधान के लिए प्रस्ताव भेजा जाएगा और तब तक लोगों से अपील की गई है कि इस मार्ग का उपयोग न करें।

## स्कूलों में नामांकन, मैपिंग फीडिंग सहित परीक्षा परिणाम की समीक्षा कर दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

समय सीमा बैठक के दौरान कलेक्टर दिलीप कुमार यादव द्वारा दिये गये निर्देश पर जिला पंचायत के सीईओ शिशिर गेमावत द्वारा शिक्षा विभाग द्वारा छात्रों के नामांकन की मौजूदा प्रगति की समीक्षा की गई।

बैठक में कक्षा पहली, छठवीं और नवमी में नामांकन, मैपिंग फीडिंग के साथ साथ कक्षा 5वी और 8वी के परीक्षा परिणाम की गहन समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान सीईओ श्री गेमावत स्कू लों में शत-प्रतिशत नामांकन पूरा करने के निर्देश दिए । बैठक में सीईओ श्री गेमावत ने प्रवेश से वंचित बच्चों की सूची उपलब्ध करवाकर एक–एक बच्चे को चिन्हित कर उनसे सम्पर्क कर, जरूरत पड़ने पर उनके पालक से भी सम्पर्क कर ऐसे बच्चों का प्रवेश कराने निर्देशित किया।

साथ ही उन्होंने हिदायत दी कि किसी भी बच्चे को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो। साथ ही स्कूल परिसर की साफ सफाई के साथ–साथ मध्याह्न भोजन की गुणवत्ता और स्वच्छता पर भी ध्यान दिए जाने के निर्देश दिए गए। उन्होंलने पाठयपुस्तक वितरण जल्द से जल्द कराने, बरसात के मौसम को देखते हुए बच्चों के साथ संवेदनशील व्यवहार व अध्यापन कार्य कराने के निर्देश दिए।

बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी पीपी सिंह, जिला समन्वयक प्रेमनारायण तिवारी, शिक्षा ओआईसी विवेक दुबे, विकासखंड शिक्षा अधिकारी कटनी धनश्री जैन, एके कोरी, एपीसी सुवरण सिंह राजपूत के अलावा सभी विकासखंडों के बीआरसी मौजूद रहे।

# सोहागपुर कोयलांचल में राष्ट्रव्यापी हड़ताल का प्रभाव

### जी.एम. ने की आंतरिक असर की पुष्टि

धनपुरी।






संयुक्त श्रम संगठनों द्वारा आहूत एक दिवसीय राष्ट्रव्यापी हड़ताल का असर बुधवार को सोहागपुर कोयलांचल क्षेत्र में देखा गया। श्रमिक संगठनों के आह्वान पर सुबह से ही खदानों में कार्यरत कर्मियों ने प्रदर्शन कर हड़ताल को समर्थन दिया। इस बीच सोहागपुर एरिया के महाप्रबंधक मनीष श्रीवास्तव ने स्थिति की जानकारी देते हुए बताया कि हड़ताल का आंतरिक असर अवश्य देखा गया, हालांकि प्रमुख उत्पादन इकाइयों में काम पूर्ववत जारी रहा।श्रीवास्तव ने बताया कि अमलई ओसीएम, रामपुर बटुरा ओसीएम सहित अन्य ओपनकास्ट परियोजनाओं में कोयला उत्पादन व डिस्पैच सामान्य रूप से चलता रहा, जबकि भूमिगत खदानों में आंतरिक असर के संकेत मिले हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि सेकंड शिफ्ट का संचालन भी जारी है, और मैनपावर डिस्पैच के आंकड़ों के विश्लेषण के बाद ही यह तय हो सकेगा कि हड़ताल से क्षेत्र को वास्तविक रूप से कितना नुकसान हुआ है।श्रमिक संगठनों का शक्ति प्रदर्शन, हड़ताल को सफल बनाने का प्रयाससुबह से ही क्षेत्र के सभी खदानों में संयुक्त श्रमिक संगठनों ने शक्ति प्रदर्शन करते हुए हड़ताल को सफल बनाने का भरसक प्रयास किया। श्रमिक नेताओं ने केंद्र सरकार पर मजदूर विरोधी नीतियों को लागू करने का आरोप लगाया, विशेष रूप से पुराने 44 श्रम कानूनों को समाप्त कर चार श्रम संहिताएं लागू करने को लेकर नाराजगी जाहिर की गई।हड़ताल के दौरान कहीं कोई अप्रिय स्थिति नहीं बनी, और आंदोलन पूरी तरह शांतिपूर्ण रहा। संगठन नेताओं के अनुसार, यदि सरकार श्रमिक हितों की अनदेखी करती रही तो भविष्य में आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा।60% तक असर भूमिगत खदानों में, कोयला डिस्पैच में भी हल्की गिरावटश्रमिक संगठनों के वरिष्ठ नेता रवेंद्र शुक्ल ने बताया कि भूमिगत खदानों में लगभग 60% हड़ताल सफल रही, वहीं मैनपावर व कोयला डिस्पैच में भी कमी दर्ज की गई। खदान प्रबंधन से मिली जानकारी के अनुसार, 40 से 45% तक असर भूमिगत खदानों में महसूस किया गया, जबकि ओपनकास्ट परियोजनाओं में केवल आंशिक प्रभाव देखा गया।प्रबंधन सतर्क, उत्पादन बनाए रखने की रणनीतिमहाप्रबंधक मनीष श्रीवास्तव ने स्पष्ट किया कि कंपनी उत्पादन प्रभावित न हो, इसके लिए वैकल्पिक रणनीतियाँ पहले से ही लागू कर चुकी थी। उन्होंने कहा कि सभी खदानों में सुरक्षा व संचालन पर लगातार नजर रखी गई, जिससे किसी प्रकार की गड़बड़ी नहीं हो पाई।निष्कर्षतः, जहां एक ओर श्रमिक संगठनों ने हड़ताल को सफल बताया, वहीं प्रबंधन का कहना है कि उत्पादन पर कोई बड़ा असर नहीं पड़ा। आगामी दिनों में आंकड़ों के विश्लेषण से ही यह स्पष्ट हो सकेगा कि यह हड़ताल कितनी प्रभावी रही।

# गुरु, शिक्षा के साथ व्यक्तित्व का निर्माण करते है गुरु, जीवन में दीपक के समान होते हैं



### शिक्षको ने विद्यार्थियों को बताया गुरू पूर्णिमा का महत्व

शहडोल।

गुरू पूर्णिमा उत्सव के प्रथम दिवस के अवसर पर जिले के विद्यालयों में प्रार्थना सभा के बाद गुरू पूर्णिमा के महत्व और पारंपरिक गुरू-शिष्य संस्कृति के बारे में, प्राचीन काल में प्रचलित गुरूकुल व्यवस्था एवं उसका भारतीय संस्कृति में प्रभाव पर निबंध प्रतियोगिता जैसे अन्य गतिविधिया आयोजित की गई। गुरू पूर्णिमा उत्सव के प्रथम दिवस के अवसर पर संभागीय मुख्यालय शहडोल के शासकीय लक्ष्मीबाई उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शहडोल में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान प्राचार्य शासकीय लक्ष्मीबाई कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय श्रीमती साधना जैन ने गुरू पूर्णिमा का महत्व बताते हुए कहा कि यह पर्व महर्षि वेदव्यास की जयंती के रूप में भी मनाया जाता है, जिन्होंने वेदों का संकलन एवं महाभारत की रचना की। गुरु का कार्य केवल पाठ पढ़ाना नहीं, बल्कि व्यक्तित्व का निर्माण करना भी है।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए शिक्षिका श्रीमती अरूणिमा सिंह ने गुरु पूर्णिमा का महत्व बताते हुए कहा कि गुरु हमारे जीवन में मार्गदर्शन करने वाले दीपक के समान होते हैं, जो अज्ञानता रूपी अंधकार को दूर करके ज्ञान का प्रकाश फैलाते हैं। इस दिन महर्षि वेदव्यास के जन्म को भी स्मरण किया जाता है। गुरु हमें जीवन के हर मोड़ पर सही निर्णय लेने की समझ देते हैं और आत्मविश्वास के साथ आगे बढन्ना सिखाते हैं।

इस अवसर पर श्रीमती सुनीता दादोरिया, महेंद्र सिंह बेस, छाया प्रधान, राजेश श्रीवास्तव, लाल जी तिवारी एवं विद्यालय के सभी शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

गुरू पूर्णिमा उत्सव के प्रथम दिवस के अवसर पर जिले के पी.एम. श्री शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय ब्यौहारी, शासकीय हाई स्कूल महदेवा, शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय ब्यौहारी में निबंध प्रतियोगिता, गुरू पूर्णिमा का महत्व शिक्षकों द्वारा बताया गया। इस अवसर पर संबंधित विद्यालयों के प्राचार्य, शिक्षक, छात्र-छात्राएं उपस्थित थें।

# जहरखुरानी का शातिर आरोपी राजेश गिरफ्तार

शहडोल।



04 जुलाई को गाड़ी संख्या 12854 भोपाल-दुर्ग अमरकंटक एक्स में एक महिला यात्री गीता बाई रजक जोअपने परिजन के साथ भोपाल से उस्लापुर यात्रा कर रही थी, यात्रा के दौरान जहरखुरानी का शिकार हुई थी, उनके साथ यात्रा कर रही उनकी लडक़ी को जहरखुरानी के पुराने आरोपियों का फोटो एल्बम दिखाने पर उनके द्वारा पुराने आरोपी राजेश अरोरा को पहचानी जीआरपी/बीएसपी मे अज्ञात के विरुद्ध धारा 123, 305 (सी) बीएनएस दर्ज कर क्षेत्राधिकार जीआरपी को स्थानांतरित किया गया था। जहां जीआरपी द्वारा धारा 123,305(सी) बीएनएस 08 जुलाई को दर्ज किया गया।

संयुक्त रूप से पताशाजी के दौरान उमरिया रेलवे स्टेशन में लगे सीसीटीवी फुटेज को चेक करने पर देखा गया कि घटना दिनांक को उक्त ट्रेन से राजेश अरोरा जनरल कोच से उमरिया शहर की ओर गया, पताशाजी करने पर ज्ञात हुआ कि बांधवगढ़ होटल उमरिया में रुका था , मोबाइल नंबर होटल से प्राप्त कर ट्रेस किया गया। 09 जुलाई को आरोपी राजेश अरोरा गाड़ी क्रमांक 12853 अमरकंटक एक्सप्रेस मे यात्रा कर रहा था कि शहडोल रेलवे स्टेशन में पकड़ा गया, घटना के संबंध में आरोपी से पूछताछ करने पर अपना नाम और पता राजेश अरोरा पिता राम बहादुर अरोरा, उम्र 56 वर्ष निवासी-न्यू कबीर नगर गाजियाबाद, थाना कबीर नगर, जिला गाजियाबाद का रहने वाला बताया और बताया कि वह 03 जुलाई को भोपाल रेलवे स्टेशन में महिला यात्री को अपना निशाना बनाकर भोपाल से यात्रा करना प्रारंभ किया, यात्रा के दौरान महिला यात्री से परिचय कर उसे काजू, किसमिस, बादाम एवं सिहोरा रोड रेलवे स्टेशन पर दो चाय लाकर जिसमें एक चाय स्वयं पीना एवं एक चाय में नशे की गोली डालकर महिला यात्री को पिलाया। बेहोश हो जाने पर उमरिया रेलवे स्टेशन आने के पूर्व गले से एक सोने की माला को कटर से कट कर चोरी कर उमरिया में उतर गया और बताया कि आज भी किसी यात्री को निशाना बनाकर चोरी करता, उसके बाद वह चोरी किए हुए चोरी के माला को जब्त करने के बाद हिरासत में लेकर जीआरपी में सुपुर्द किया गया। जहां उसके विरुद् धारा 123, 305(सी)बीएनएस के तहत अपराध दर्ज करते हुए आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया।

## शासन की योजना का लाभ दिलाने तो किसी ने राशि दिलाये जाने की फरियाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कलेक्टर दिलीप कुमार यादव के निर्देश पर कलेक्ट्रेट कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई में अधिकारियों ने यहां पहुंचे 148 आवेदकों की समस्याएं एवं शिकायतें सुनीं और त्वरित निराकरण के निर्देश दिए। यह जनसुनवाई जिला मुख्यालय से लेकर अनुविभाग, तहसील और विकासखंड मुख्यालय सहित ग्राम पंचायतों में भी आयोजित की गई।इस दौरान अपर कलेक्टर साधना परस्ते, संयुक्त कलेक्टर संस्कृति लटोरिया, एसडीएम कटनी प्रदीप कुमार मिश्रा और डिप्टी कलेक्टर प्रमोद चतुर्वेदी, विवेक गुप्ता, एवं ज्योति लिल्हारे मौजूद रहे।जनसुनवाई के दौरान कुम्हार मोहल्ला् कैंप निवासी एकता दाहिया ने आवेदन देते हुये बताया कि मेरे माता-पिता का देहांत हो चुका है। मैं अपनी नानी के साथ रहती हूँ एवं मुझे शासन की किसी भी योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है। इस पर महिला एवं बाल विकास विभाग को पात्रतानुसार शासकीय योजनाओं के लाभ दिलाने के निर्देश दिये गए।जनपद पंचायत कटनी निवासी आनंद कुमार कोरी ने बताया कि मेरे पिता का स्व र्गवास हो चुका है। मेरे पिता संबल योजना के तहत पंजीकृत श्रमिक थे। परंतु, पोर्टल में गलत जनम्तिथि दर्ज होने के कारण योजनांतर्गत अनुग्रह राशि नहीं मिल पा रही है। इस पर सीईओ जनपद पंचायत कटनी को आवश्यनक कार्यवाही कर शिकायत के निराकरण करने के निर्देश दिये गए।ग्राम पहरूआ निवासी सुधारानी गोस्वाणमी पति स्वा. मुनीमपुरी गोस्वाामी ने अपनी समस्यार बताते हुये कहा कि मेरे पति द्वारा वर्ष 2020 में प्रधानमंत्री जीवन ज्योवति बीमा योजना के अंतर्गत पॉलिसी ली गई थी। वर्ष 2024 में मेरे पति की मृत्युर हो गई।

# विद्यार्थी परिषद की स्थापना दिवस पर हुआ प्रतिभा सम्मान समारोह

शहडोल।



अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की स्थापना दिवस के पावन अवसर पर 09 जुलाई को एक भव्य प्रतिभा सम्मान समारोह एवं नगर कार्यकारिणी घोषणा का आयोजन किया गया। यह आयोजन विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने, उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन का सम्मान करने एवं उन्हें राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भागीदारी हेतु प्रेरित करने के उद्देश्य से किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत माँ सरस्वती की वंदना, दीप प्रज्वलन तथा स्वामी विवेकानंद जी के चित्र पर माल्यार्पण से हुई।

समारोह में मंच पर उपस्थित मुख्यतिथि जयसिंहनगर विधायक श्रीमती मनीषा सिंह एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में पंडित शंभुनाथ शुक्ल विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रोफेसर राम शंकर, विशेष उपस्थिति प्रान्त सहमंत्री मोहित डहेरिया, विभाग संगठन मंत्री सावन सिंह, नगर अध्यक्ष डॉ.सौरभ शिवा, विभाग छात्रा प्रमुख सुश्री अंजलि पांडेय, नगर मंत्री अमन त्रिपाठी उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि श्रीमती मनीषा सिंह ने अपने प्रेरणादायी उद्बोधनों से छात्रों को शिक्षा, संस्कार और सामाजिक उत्तरदायित्व के प्रति जागरूक किया। वहीं विशिष्ट अतिथि कुलगुरु प्रो.राम शंकर ने छात्रों को अपने उत्तरदायित्व के साथ-साथ समाज व राष्ट्र के प्रति समर्पित हो तथा जो हमारी भारतीय ज्ञान परंपरा रही है, उसको आत्मसात करने की आवश्यकता है। विशेष उपस्थिति प्रान्त सह मंत्री मोहित डेहरिया ने विद्यार्थी परिषद की 77 वर्षो की यात्रा पर प्रकाश डाला और कहा वह संकल्प जो 77 वर्ष पूर्ण कर रहा है। संकल्प है राष्ट्र पुनर्निर्माण का वह संकल्प भारत को पुनः विश्व गुरु बनाने का और वह संकल्प है, भारत के तिरंगे को विश्व गगन में लहराने का समारोह में नगर के विभिन्न विद्यालयों के दो सौ से अधिक बोर्ड परीक्षाओं एवं अन्य शैक्षणिक क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। विभाग संगठन मंत्री सावन सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि छात्रों की प्रतिभा ही राष्ट्र की पूंजी है। विद्यार्थी परिषद द्वारा इस प्रकार का आयोजन निश्चित ही छात्र समाज को सकारात्मक दिशा में प्रेरित करता है। इसके पश्चात नगर कार्यकारणी की घोषणा की गई, जिसमें नगर अध्यक्ष एंव नगर मंत्री का निर्वाचन किया गया जिसमें निर्वाचन अधिकारी डॉ.राधेश्याम नापित ने सत्र 2025-26 की नगर कार्यकारिणी की घोषणा की, जिसमे नगर अध्यक्ष डॉ.सौरभ शिवा, नगर मंत्री अमन त्रिपाठी को बनाया गया, इसी क्रम में अन्य दायित्वों की घोषणा हुई, जिसमें नगर उपाध्यक्ष डॉ.सिद्धार्थ मिश्र, डॉ.लोकेश साहू, हेमंत पाठक, नगर सह मंत्री कोमल द्विवेदी, गजराज सिंह, प्रियांशु त्रिपाठी, यश वैद्य, प्रभास तिवारी, कार्यालय मंत्री रवि परस्ते, एसएफडी प्रमुख भूमिका द्विवेदी, अभिराज सिंह एस एफ एस प्रमुख गौरव मिश्रा, शुभम त्रिपाठी राष्ट्रीय कला मंच प्रमुख रोशनी पांडेय, दिव्या शुक्ला खेलो भारत प्रमुख शुभ सोनी, शिवकांत गौतम, नगर तकनीकी प्रमुख शुयस जायसवाल, अभिषेक द्विवेदी, नगर विद्यालयीन प्रमुख शुर्यांश मिश्र, प्रासी तिवारी, एनसीसी प्रमुख प्रिया सिंह , एनएसएस प्रमुख हर्ष वर्मा को बनाया गया।

**नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पुत्र हर्ष कुमार चतुर्वेदी पिता राजू चतुर्वेदी निवासी वार्ड नं.-10, सी.एच.पी. रोड, भलमुड़ी, राजनगर, थाना-राजनगर, जिला - अनूपपुर (म.प्र.) का नाम सभी शासकीय अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों (आधार कार्ड को छोड़कर) अंकित है। लेकिन मेरे पुत्र का नाम आधार कार्ड में हर्ष कुमार अंकित है, जिसमें "चतुर्वेदी" जोड़ना चाहता हूँ। इस प्रकाशन के बाद मेरे बेटे का नाम सभी शासकीय, अर्धशासकीय, आधार कार्ड व अन्य सभी दस्तावेजों में हर्ष कुमार चतुर्वेदी (HARSH KUMAR CHATURVEDI) पिता राजू चतुर्वेदी के नाम से ही जाना, पहचाना, लिखा पढा एवं पुकारा जावे।

गलत नाम - "हर्ष कुमार" (HARSH KUMAR)
सही नाम-"हर्ष कुमार चतुर्वेदी "
(HARSH KUMAR CHATURVEDI)
राजू चतुर्वेदी, निवासी वार्ड नं.-10, सी.एच.पी. रोड, भलमुड़ी, राजनगर, थाना- राजनगर, जिला - अनूपपुर (म.प्र.)

## खबर संक्षेप

### सिमी जैन ने चार्टर्ड अकाउंटेंसी की प्राप्त की उपाधि



**कोतमा।** नगर के प्रतिष्ठित व्यापारी संजय कुमार जैन एवं मंजूषा जैन की सुपुत्री सिमी जैन ने चार्टर्ड अकाउंटेंसी की उपाधि प्राप्त की है। बेटी की सफलता पर परिवार सहित पूरे नगर में खुशी का माहौल है। सीए सिमी जैन ने बताया कि वर्ष 2019 में अपनी सीए बनने को लेकर तैयारी प्रारंभ कर दी थी। मई 2025 में आयोजित अंतिम परीक्षा को अच्छे अंकों के साथ उत्तीर्ण किया। नागपुर में ही रहकर अपनी सीए की पढ़ाई करने के साथ आर्टिकलशिप को भी पूर्ण किया। उल्लेखनीय रहा कि बिना किसी असफलता के सीए की सभी परीक्षाएं मेहनत एवं लगन के साथ सफलतापूर्वक पास किया। सफलता का श्रेय परिवार के नत्थूलाल जैन, डॉ जयकुमार जैन के साथ शिक्षकों को बताया। सिमी जैन की शानदार उपलब्धि पर समाज एवं नगरवासियों द्वारा लगातार बधाई दी जा रही हैं। चर्चा के दौरान बताया कि मेहनत, समर्पण और दृढ़ निश्चय के साथ कोई भी मंजिल पाई जा सकती है।

### जिले में 1.2 मिली मीटर औसत वर्षा दर्ज

**अनूपपुर।** अधीक्षक भू-अभिलेख अनूपपुर द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार जिले में बीते 24 घंटे में 1.2 मिली मीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। इस दौरान वर्षामापी केन्द्र पुष्पराजगढ़ में 5.2 तथा अमरकंटक में 4 मिली मीटर वर्षा दर्ज की गई। वर्षामापी केन्द्र अनूपपुर, कोतमा, बिजुरी, जैतहरी, वेंकटनगर तथा बेनीबारी में वर्षा निरंक दर्ज की गई।

### 6 दवा दुकानों की अनुज्ञप्ति निलंबित

**अनूपपुर।** औषधि एवं प्रसाधन सामग्री नियमावली 1945 के नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर जैतहरी स्थित मेसर्स लाइफ केयर मेडिकोज, अनूपपुर स्थित मेसर्स आकांक्षा मेडिकल स्टोर, कोतमा कालरी भालूमाड़ा स्थित मेसर्स रियान मेडिकोज, तहसील जैतहरी के आदर्श ग्राम सिवनी स्थित मेसर्स आर के मेडिकोज, कोतमा स्थित मेसर्स राजेश मेडिकल स्टोर्स तथा अनूपपुर स्थित मेसर्स अमृत फार्मा का आकस्मिक निरीक्षण औषधि निरीक्षक अनूपपुर द्वारा किया गया था। निरीक्षण के दौरान मेडिकल स्टोर्स में औषधि एवं प्रसाधन सामग्री नियमावली 1945 के नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर जाँच प्रतिवेदन तैयार कर औषधि अनुज्ञापन प्राधिकारी खाद्य एवं औषधि प्रशासन अनूपपुर को प्रेषित किया गया था। जिसमें औषधि अनुज्ञापन प्राधिकारी द्वारा संबंधित मेडिकल स्टोर्स के संचालकों को कारण बताओ नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा गया था। संचालकों को जारी नोटिस का जवाब समाधानकारक एवं संतोषजनक नहीं पाए जाने के कारण औषधि अनुज्ञापन प्राधिकारी खाद्य एवं औषधि प्रशासन जिला अनूपपुर द्वारा मेसर्स राजेश मेडिकल स्टोर्स के संचालक को स्वीकृत थोक औषधि विक्रय अनुप्तियां निरस्त एवं स्वीकृत फुटकर औषधि विक्रय अनुज्ञप्तियां 15 दिवस के लिए निलंबित की गई है। इसी प्रकार नोटिस का जवाब समाधानकारक एवं संतोषजनक नही दिए जाने के कारण औषधि अनुज्ञापन प्राधिकारी द्वारा मेसर्स लाइफ केयर मेडिकोज के संचालक को स्वीकृत फुटकर औषधि विक्रय अनुज्ञप्तियां 10 दिवस के लिए, मेसर्स आकांक्षा मेडिकल स्टोर के संचालक को स्वीकृत फुटकर औषधि विक्रय अनुज्ञप्तियां 7 दिवस के लिए, मेसर्स रियान मेडिकोज के संचालक को स्वीकृत फुटकर औषधि विक्रय अनुज्ञप्तियां 5 दिवस के लिए, मेसर्स आर के मेडिकोज के संचालक को स्वीकृत फुटकर औषधि विक्रय अनुज्ञप्तियां 7 दिवस के लिए तथा मेसर्स अमृत फार्मा के संचालक को स्वीकृत फुटकर औषधि विक्रय अनुज्ञप्तियां 5 दिवस के लिए निलंबित किए गए हैं। निलंबन अवधि में संचालकों को किसी भी प्रकार से औषधियों का क्रय-विक्रय नही किए जाने व मेडिकल स्टोर का संचालन बंद रखे जाने के आदेश दिए गए हैं। आदेश में संबंधितों को निर्देशित किया गया है कि औषधि एवं प्रसाधन सामग्री अधिनियम 1940 एवं नियमावली 1945 का पालन सुनिश्चित किया जाए।

### नगर के सामुदायिक भवन आपात स्थिति के लिए आरक्षित

**उमरिया।** मानसून के दौरान हो रही बारिश तथा मौसम विभाग द्वारा दी जा रही चेतावनी को देखते हुए नगर पालिका अध्यक्ष रश्मि सिंह के निर्देश पर कई एहतियाती कदम उठाए गए हैं। जिनमे मुख्य रूप से शहर के सामुदायिक भवन एवं आश्रय स्थल को आपात स्थिति के लिये सुरक्षित करना तथा अधिकारियों को सभी वार्डों का अनिवार्य रूप से नियमित निरीक्षण आदि शामिल है। मुख्य नगर पालिका अधिकारी किशन सिंह ठाकुर ने बताया कि बीते दिनों हुई बारिश से जिले में कई स्थानों पर जलप्लावन की स्थिति निर्मित हो रही थी।


# देश की पहली किन्नर विधायक शबनम-मौसी पर लूटपाट का आरोप

## बेटे की बधाई में मांगे 21 हजार, नहीं मिले तो सोने का झुमका लूटा, सब्जी व्यापारी पूर्व विधायक के खिलाफ पहुंचा थाने

अनूपपुर में पूर्व विधायक शबनम मौसी पर लूटपाट और मारपीट का आरोप लगा है। विवाद का एक वीडियो भी सामने आया है जो सोशल मीडिया मे काफी वायरल है। मंगलवार को हुए विवाद को लेकर अमलाई बाबू चौक निवासी सब्जी व्यापारी राहुल कुमार सोनी ने बुधवार को चचाई थाने में शिकायत की है।

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।





राहुल के मुताबिक, चार महीने पहले मेरे घर में बेटा हुआ है। बधाई देने शबनम मौसी अपने 8 से 10 किन्नर साथियों के साथ मेरे घर आईं। उन्होंने बधाई के रूप में 21 हजार रुपए मांगे। मेरी मां और पत्नी ने 1100 रुपए दिए। इस पर शबनम मौसी ने बद्दुआ देना शुरू कर दिया। मेरी मां से कहा- तेरा पोता नहीं रहेगा।

### मौसी ने नहीं लौटाये झुमके

शिकायतकर्ता राहुल के मुताबिक- मेरी पत्नी ने फोन पर मुझे इसकी जानकारी दी, मैं अनूपपुर में था। मैंने इन्हें (शबनम मौसी को) फोन लगाया। रिक्वेस्ट की कि झुमके वापस कर दो, लेकिन उनका कहना था कि बधाई के 21 हजार रुपए दे और ले जा। मैं 21 सौ रुपए देने के लिए रेडी हुआ। मैंने चचाई थाने में शिकायत की है। पुलिस से इन पर कार्रवाई करे और मेरा सामान वापस दिलाए। मामले में शबनम मौसी का कहना है कि राहुल सोनी की 4 साल पहले शादी हुई थी। शादी में हमने बधाई मांगी थी तो 6 माह बाद 11 हजार रुपए की बधाई मिली थी। उसके बाद जब उसे लड़का हुआ तो एक बार फिर बधाई मांगने के लिए गए।

### शबनम मौसी के पास है देश की पहली किन्नर विधायक का तमगा

ज्ञात हो कि शबनम मौसी देश की पहली किन्नर विधायक रह चुकी हैं। उन्होंने साल 2000 में शहडोल जिले की सोहागपुर सीट से उपचुनाव जीता था। ये सीट तत्कालीन कांग्रेस विधायक रहे कृष्णपाल सिंह की मौत के बाद खाली हुई थी। शबनम ने भाजपा के लल्लू सिंह को 17 हजार 800 से ज्यादा वोटों से हराया था। हालांकि, साल 2003 के विधानसभा चुनाव में उन्हें केवल 1400 वोट मिले और वह बुरी तरह हारी थीं।

# जिला चिकित्सालय का कलेक्टर ने किया आकस्मिक निरीक्षण

## नवीन भवन में पीडियाट्रिक, गायनोलॉजी विभाग तथा ओपीडी शिफ्टिंग के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।



जिला चिकित्सालय अनूपपुर का कलेक्टर हर्षल पंचोली ने आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तन्मय वशिष्ठ शर्मा, जिला चिकित्सालय के सिविल सर्जन डॉ एस आर परस्ते, डॉ एस सी राय, डॉ वीरेंद्र खेस, ऊर्जा विभाग के कार्यपालन यंत्री उपस्थित थे। कलेक्टर हर्षल पंचोली ने जिला चिकित्सालय के सीएनसी वार्ड, पीएनसी वार्ड, एएनसी वार्ड का निरीक्षण करते हुए जिला चिकित्सालय की साफ-सफाई व्यवस्था को और दुरुस्त करने के निर्देश दिए। उन्होंने मरीजों को सुलभ रूप से स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। जिला चिकित्सालय के नवीन भवन में अव्यवस्था मिलने पर कलेक्टर ने नाराजगी जताई उन्होंने नए भवन में पेडियाट्रिक गायनोलॉजी विभाग तथा ओपीडी संचालन के लिए शिफ्टिंग की कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने सिविल सर्जन को अभियान मोड में शिफ्टिंग की कार्यवाही करने तथा लिफ्ट के बेहतर संचालन के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने नवीन भवन में मरीजों को किसी तरह से परेशान ना होना पड़े उसके लिए दिशा सूचक बोर्ड (लेवल) यथोचित स्थान पर लगाए जाने के निर्देश दिए। भ्रमण के दौरान उन्होंने नवीन भवन में लगाई गई लिफ्ट तथा जिला चिकित्सालय परिसर में बनाए जा रही नवीन ट्रामा यूनिट भवन का भी निरीक्षण किया तथा कार्यों की गुणवत्ता के निर्देश दिए।

# विधिक जागरूकता शिविर का किया गया आयोजन

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।




राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर एवं श्रीमती माया विश्वलाल, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, अनूपपुर के निर्देशानुसार नालसा नालसा (बच्चों के लिए बाल-अनुकूल कानूनी सेवाएं) योजना, 2024 एवं नालसा (DAWN-नशा मुक्त भारत के लिए नशीली दवाओं के प्रति जागरूकता और कल्याण मार्गदर्शन) योजना, 2025 के संबंध में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय ग्राम अमगवां में, सरस्वती शिशु मंदिर ग्राम अमगवां, शासकीय हाई स्कूल ग्राम मौहरी, सोनम सिंधु शिशु पूर्व मा. विद्यालय ग्राम मौहरी एवं शासकीय पूर्व मा.वि. ग्राम सेन्दुरी में क्रमांनुसार विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। उक्त शिविरों में विनोद कुमार वर्मा न्यायाधीश सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अनूपपुर, बृजेश पटैल जिला विधिक सहायता अधिकारी, पैरालीगल वालेंटियर कु0 प्रीति श्रीवास्तव, राजेन्द्र तिवारी प्रधान अध्यापक, अरूण सिंह आर्मो प्रभारी प्राचार्य, गया प्रसाद प्राचार्य, श्रीमती लतिका श्रीवास्तव प्राचार्य, श्रीमती सुनीता गुप्ता प्राचार्य, श्रीमती रामबाई राठौर प्राचार्य, अन्य शिक्षकगण सहित छात्र-छात्राऐं उपस्थित रहें। कार्यक्रम में विनोद कुमार वर्मा न्यायाधीश सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने अपने उद्बोधन में बताया कि बच्चों के लिए बाल-अनुकूल कानूनी सेवाऐं योजना' शारीरिक और मानसिक अपरिपक्वता के आधार पर बच्चों को विशेष देखभाल और सुरक्षा प्रदान करने की आवश्यकता को रेखांकित करता है। देखभाल और संरक्षण की आवश्यकता वाले बच्चे या कानून का उल्लंधन करने वाले बच्चे विशेष रूप से कमजोर होते है और उन्हें विशेष सुरक्षा और सहायता की आवश्यकता होती है। इस प्रकार, यह योजना ऐसे बच्चों के लिए न्यायिक प्रक्रियाओं को नेविगेट करने में मद्द करने के लिए बच्चों के अनुकूल कानूनी सेवाओं तक पहुंच में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इसीक्रम में बृजेश पटैल जिला विधिक सहायता अधिकारी ने अपने संबोधन में DAWN-नशा मुक्त भारत के लिए नशीली दवाओं के प्रति जागरूकता और कल्याण मार्गदर्शन योजना के बारे में बताया कि यह योजना नशा मुक्त भारत अभियान का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है, जिसका उद्देश्य, नशीली दवाओं के दुरुपयोग के बारे में जागरूकता बढ़ाना, नशीली दवाओं के दुरुपयोग को रोकना, नशा पीड़ितों को उपचार और पुनर्वास सेवाएं प्रदान करना एवं एक स्वस्थ और नशा मुक्त समाज का निर्माण करना है।

# जिपं. सामान्य सभा की बैठक में मेडिकल कॉलेज स्थापना को लेकर हुई चर्चा

## कन्या छात्रावास के पास से शराब दुकान हटाने समेत श्री राम वनगमन मार्ग के सौन्दर्यीकरण की मांग

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।




जिला पंचायत सामान्य सभा की बैठक जिला पंचायत की अध्यक्ष श्रीमती प्रीति रमेश सिंह की अध्यक्षता में जिला पंचायत सभागार में आयोजित की गई। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तन्मय वशिष्ठ शर्मा, जिला पंचायत की उपाध्यक्ष श्रीमती पार्वती बाल्मिकी राठौर, सदस्य सुश्री भारती केवट, श्रीमती किरण चौधरी, श्रीमती यशोदा कोदू सिंह, नर्मदा सिंह, रामजी रिन्कू मिश्रा, दरोगा सिंह, रंजीत सर्राटी, जिला पंचायत के अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी के.के. सोनी, परियोजना अधिकारी डॉ. उमेश द्विवेदी, ज.पं. सीईओ ममता मिश्रा सहित जनजातीय कार्य विभाग, स्वास्थ्य, शिक्षा, लोक निर्माण, महिला बाल विकास, खनिज, कृषि, पशुपालन, मत्स्य, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, ऊर्जा, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, सहकारिता आदि विभागों के अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में 15 वें वित्त योजनांतर्गत बीपीडीपी वर्ष 2024-25, जनपद पंचायत अनूपपुर, पुष्पराजगढ़ की कार्ययोजना एवं जनपद पंचायत जैतहरी की संशोधित कार्ययोजना पर चर्चा कर सदन द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया। बैठक में जिपं. उपाध्यक्ष एवं सदस्यों ने अनूपपुर एसडीएम/तहसील कार्यालय के नवीन भवन को यथास्थान बनाए जाने तथा अनूपपुर में मेडिकल कॉलेज के स्थापना को लेकर चर्चा की गई। जिस पर सर्व सम्मति से प्रस्ताव शामिल किया गया। बैठक में जिला पंचायत अनूपपुर अंतर्गत 5 वें वित्त की राशि की जानकारी तथा विवरण उपलब्ध कराने के संबंध में सदस्यों ने मांग की। जिस पर जिपं. सीईओ ने जानकारी उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। जिला पंचायत की उपाध्यक्ष श्रीमती पार्वती बाल्मिकी राठौर ने जनपद पंचायत जैतहरी अंतर्गत ग्राम पंचायत धनगवां पूर्वी के दर्रीटोला में आवश्यक मूलभूत समस्याओं एवं ग्राम पंचायत बलबहरा से कल्याणपुर के बीच निर्माणाधीन सड़क का कार्य पूर्ण करने तथा ग्राम दर्रीटोला में नवीन प्राथमिक शाला भवन अतिरिक्त कक्ष स्वीकृति एवं नल-जल, विद्युत, पीएमजीएसवाई के कार्यों को सेचुरेशन मोड पर करने की मांग की। जिस पर कार्यों के संबंध में विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया गया। बैठक में जिला अंतर्गत निजी कम्पनियों द्वारा पॉवर प्लांट स्थापना तथा उससे संबंधित समस्याओं का निराकरण करने तथा सामुदायिक सामाजिक उत्तरदायित्वों के तहत पावर प्लांट स्थापना से प्रभावित ग्रामों की समस्याओं का निराकरण करने की मांग सदस्यों द्वारा की गई। जिसके तहत सदस्यों को जानकारी से भी अवगत कराया गया।

### हटाया जाये कन्या छात्रावास के पास से शराब दुकान

जिला पंचायत सदस्य नर्मदा सिंह ने जनपद पंचायत पुष्पराजगढ़ के ग्राम पंचायत किरगी (राजेन्द्रग्राम) बस स्टैण्ड के पास कन्या छात्रावास से लगे क्षेत्र में शराब दुकान को हटाकर अन्यत्र स्थापित करने की मांग रखी गई। जिस पर आबकारी अधिकारी द्वारा परीक्षण कर कार्यवाही की बात कही गई। जनपद पंचायत पुष्पराजगढ़ अंतर्गत खाद्य वितरण केन्द्र दमेहड़ी, करपा और भेजरी में पर्याप्त खाद की उपलब्धता तथा सहज विक्रय के संबंध में रखी गई मांग पर कृषि अधिकारी ने जानकारी दी कि आगामी 2 दिवस में खाद की उपलब्धता के साथ ही खाद का सहज वितरण कराया जाएगा। बैठक में बायोस्पेयर रिजर्व फारेस्ट के अंतर्गत संचालित क्रेशर तथा वन विभाग द्वारा एनओसी के संबंध में चर्चा की गई। जिस पर खनिज अधिकारी ने आवश्यक जानकारी सदन में प्रस्तुत की तथा प्रदाय अनुमति की जानकारी सदस्यों को उपलब्ध कराने की बात कही। जनपद पंचायत पुष्पराजगढ़ अंतर्गत ग्राम पंचायत पटना, लांघाटोला से करपा, सरई, केलमनिया मार्ग एवं जनपद पंचायत जैतहरी के ग्राम संेदुरी से अमगवां पहुंच मार्ग में आवागमन प्रभावित होने पर मार्ग की आवश्यक मरम्मत कराए जाने के संबंध में पीएमजीएसवाई के अधिकारियों को निर्देशित किया गया।

### अन्य मुद्दों पर भी की गई चर्चा

बैठक में जनपद पंचायत अनूपपुर अंतर्गत कृषि विभाग द्वारा वर्ष 2024-25 में विभिन्न योजनांतर्गत किसानों को प्रदाय अनुदान एवं वितरित यंत्र के संबंध में सूची उपलब्ध कराने तथा जैतहरी जनपद पंचायत अंतर्गत आने वाली सोसायटी तथा धान बीज एवं खाद वितरण के संबंध में जानकारी उपलब्ध कराने की मांग जिपं. सदस्य श्रीमती किरण चौधरी द्वारा की गई, जिस पर कृषि अधिकारी ने सूची उपलब्ध कराने की बात कही। प्रधानमंत्री जन-मन योजनांतर्गत स्वीकृत सड़क निर्माण कार्य के प्रगति की समीक्षा की गई। पीएमजीएसवाई के अधिकारी ने इस संबंध में आवश्यक जानकारी दी। बैठक में शासकीय उ.मा.वि. कोठी में वित्तीय वर्ष 2023-24 एवं 2024-25 में एसएमजीसी मद, लोकल फीस मद, ड्यिूटी एवं एग्रीकल्चर मद में प्राप्त राशि एवं व्यय की जानकारी की चर्चा पर जानकारी उपलब्ध कराई गई। ग्राम पंचायत खोड़री नम्बर 01 के सीतामढ़ी के पर्यटन विकास व श्री राम वनगमन मार्ग के सौन्दर्यीकरण, विकास के संबंध में अवगत कराया गया कि विकास कार्यों की प्राक्कलन, प्रतिवेदन एवं आवश्यक राशि की मांग संस्कृति विभाग से की गई है। जिपं. अध्यक्ष की अनुमति से बैठक में अन्य मुद्दों पर भी चर्चा की गई।

# अमरकंटक में गुरु पूर्णिमा पर आश्रमों में भक्तिपूर्वक होगा गुरु पूजन

**हरिभूमि न्यूज अमरकंटक।** पवित्र नगरी अमरकंटक में आषाढ़ मास की पूर्णिमा को मनाई जाने वाली गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर नगर के विभिन्न आश्रमों में शिष्यों एवं भक्त श्रद्धालुओं द्वारा परंपरागत धार्मिक विधि-विधान से गुरु पूजन एवं पादुका पूजन किया जाएगा। इस अवसर पर नगर में व्यापक तैयारियां की गई हैं तथा विभिन्न आश्रमों में भक्तों की भीड़ उमड़ने की संभावना है। कल्याण सेवा आश्रम में आश्रम प्रमुख तपस्वी बाबा कल्याण दास जी महाराज अपने शिष्यों के बीच उपस्थित रहेंगे। दूर-दराज से शिष्य एवं श्रद्धालु आश्रम में पहुंचना प्रारंभ कर चुके हैं। गुरु पूर्णिमा के दिन प्रातःकाल पादुका पूजन एवं गुरु पूजन के साथ विशाल भंडारा (प्रसादी) का आयोजन होगा। शांति कुटी आश्रम में 4 जुलाई से सात दिवसीय श्रीमद्भागवत महापुराण कथा प्रारंभ हो चुकी है, जिसका वाचन पं. श्रीकांत शास्त्री कर रहे हैं। गुरु पूर्णिमा के दिन आश्रम परिसर में भव्य भंडारे का आयोजन किया जाएगा। मार्कंडेय आश्रम में आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी रामकृष्णानंद जी महाराज के शिष्यों एवं भक्तों द्वारा गुरु पूजन एवं पादुका पूजन किया जाएगा। इस अवसर पर भोजन प्रसादी भी कराई जाएगी। नगर परिषद कार्यालय के समीप लगे विशाल पंडाल में राष्ट्र संत परम पूज्य चिन्मयानंद बापू जी का गुरु पूर्णिमा महोत्सव 10 जुलाई, गुरुवार को आयोजित होगा। इस अवसर पर प्रातःकाल से पादुका पूजन, गुरु पूजन एवं दीक्षा कार्यक्रम होंगे। यहां सात दिवसीय संगीत मय शिव महापुराण कथा का आयोजन चल रहा है, जिसके यजमान छत्तीसगढ़ मस्तूरी निवासी किशोर तिवारी एवं श्रीमती किरण तिवारी सपत्नीक हैं। गौरतलब है कि आषाढ़ मास की पूर्णिमा को मनाई जाने वाली गुरु पूर्णिमा पर अमरकंटक के विभिन्न आश्रमों एवं स्थलों पर भक्ति, साधना और अध्यात्म से जुड़ी विशेष धार्मिक गतिविधियां आयोजित की जाएंगी, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है।



# 15 एवं 16 जुलाई को विधानसभा स्तर पर बीएलओ का प्रशिक्षण

### नोडल एवं सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त

**उमरिया।** भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मप्र के निर्देशानुसार बूथ लेबल आफिसर्स के लिए राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत जिला, विधानसभा क्षेत्र स्तर पर बीएलओ का प्रशिक्षण विधानसभा क्षेत्र 90 मानपुर के समस्त बीएलओ का प्रशिक्षण 15 जुलाई को तथा 89 बांधवगढ़ विधानसभा क्षेत्र के समस्त बीएलओ का प्रशिक्षण 16 जुलाई को प्रातः 11 बजे से सायं 6 बजे तक शासकीय रणविजय प्रताप सिंह महाविद्यालय में आयोजित किया गया है । कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी धरणेन्द्र कुमार जैन ने प्रशिक्षण देने के लिए मास्टर ट्रेनर्स, तकनीकी अधिकारी, कर्मचारी, भृत्य की ड्युटी कक्षवार लगाई है। उन्होने कहा कि समस्त मास्टर ट्रेनर्स अपने अपने कक्षवार बीएलओ को प्रशिक्षण देगे । श्री सुशील मिश्रा व्याख्याता डाइट उमरिया प्रशिक्षण कार्यक्रम के नोडल अधिकारी तथा संजय पांडेय मंडल संयोजन जन जातीय कार्य विभाग सहायक नोडल अधिकारी होगे तथा निर्धारित दिनांक तथा समय पर प्रशिक्षण कार्यक्रम को आयोजित कराना सुनिश्चित करेंगे । उन्होने कहा है कि समस्त मास्टर ट्रेनर्स , तकनीकी, अधिकारी, कर्मचारी,भृत्य निर्धारित तिथि एवं समय पर अपने निर्धारित प्रशिक्षण स्थल पर उपस्थित रहना सुनिश्चित करें तथा तकनीकी अधिकारी, कर्मचारी 14 जुलाई को अपरान्ह 4 बजे संबंधित निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी से संपर्क कर प्रोजेक्टर प्राप्त कर अपने निर्धारित कक्ष में अनिवार्यतः इंस्टॉल कर नोडल अधिकारी को ओके रिपोर्ट अपने मास्टर ट्रेनर को देना सुनिश्चित करें । मास्टर ट्रेनर इसकी जानकारी नोडल अधिकारी को देंगे जिससे ट्रेनिंग समय सीमा में प्रारंभ हो सके।प्रशिक्षण समाप्ति उपरांत समस्त उपकरण निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी को सूचित करते हुए जिला निर्वाचन कार्यालय को जमा कराना सुनिश्चित करेंगे ।